जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 | वर्षः 48 | संख्याः 274 | प्रभात | कोटा, सोमवार 17 जुलाई, 2023 | कोटा/24/2012-14 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



*बांग्लादेश के वन विभाग ने इंसान व टाइगर के बीच टकराव रोकने के लिए सुंदरबन के चारों ओर नायलॉन की नैट फैन्सिंग लगाने का निर्णय लिया है। मार्च 2022 में शुरु किए गए सुंदरबन्स टाइगर कंज़र्वेशन प्रोजैक्ट के तहत यह कदम उठाया जाएगा। सुंदरबन, जिसे बंगाल की खाड़ी का मुख भी कहते हैं, विश्व का एकमात्र मैनग्रोव क्षेत्र है जहां टाइगर भी रहते हैं। इंसानी हस्तक्षेप व प्राकृतिक कारणों से यह इकोसिस्टम निरंतर खराब हो रहा है। सुंदरबन के बड़े-बड़े जल क्षेत्र सूख रहे हैं, क्योंकि यहाँ तक पानी लाने वाली नदियों में तलछट जमा हो गई है। अब लोग आसानी से जंगल में अंदर चले जाते हैं और अपने मवेशी चराते हैं। वन अधिकारी अबु नासिर मोहसिन ने बताया कि, इंसान और टाइगर में सम्पर्क बढ़ने से टाइगर्स में संक्रमण होने का खतरा भी है, खासकर कुत्तों आदि से। हालिया वर्षों में टाइगर व इंसान के एक दूसरे के क्षेत्र में घुसने की घटनाएं बढ़ी हैं। वन विभाग के अनुसार गत 15 साल में 50 से भी ज्यादा बार टाइगर गांवों में घुसे हैं और ऐसे मामलों में दोनों पक्षों को जान-माल की हानि हुई है। मोहसिन कहते हैं कि, इंसान- टाइगर टकराव में 46 टाइगर तथा 300 लोग मारे जा चुके हैं। एक सर्वे के अनुसार, 2004 में यहां 440 टाइगर थे पर 2018 के सर्वे में मात्र 114 टाइगर ही मिले हैं। सुंदरबन का पश्चिमी भाग, जो भारत में है, में पहले ही नायलॉन की नैट फैन्सिंग लगाई जा चुकी है, जिससे टाइगर्स के गांवों में घुसने की घटनाओं में भारी कमी आई है। अब इसी तर्ज पर बांगलादेश में भी नायलॉन की नैट फैन्सिंग लगाई जाएगी।*

# जन्मदिन मनाने भागकर जोधपुर पहुँचा नाबालिग प्रेमी युगल, मदद का झांसा देकर लड़की से गैंगरेप

## सड़क पर भटक रहे नाबालिग प्रेमी युगल को तीन युवक अपने साथ जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी ओल्ड कैम्पस ले गये और दोनों को बंधक बना लिया

जोधपुर, 16 जुलाई (कासं)। नाबालिग प्रेमी के जन्मदिन पर अजमेर से उसके साथ भागकर आई नाबालिग लड़की के साथ जोधपुर में गैंगरेप हो गया। प्रेमी जोड़ा शनिवार रात बस स्टैंड के पास होटल की तलाश कर रहा था। आइडेंटिटी कार्ड नहीं होने के कारण रूम नहीं मिला तो सड़क पर भटकने लगे। तीन युवकों ने मदद का झांसा देकर प्रेमी को बंधक बनाया और नाबालिग लड़की के साथ जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के ओल्ड कैंपस में रात 2 बजे से सुबह 5 बजे तक गैंगरेप किया।

घटना की जानकारी पुलिस को सुबह 5.30 बजे के करीब मिली। जोधपुर पुलिस तुरंत एक्टिव हुई और सुबह 10 बजे तक सी.सी.टी.वी. की मदद से आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा गेस्ट हाउस पर काम करने वाले एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है।

डी.सी.पी. ईस्ट अमृता दुहन ने बताया कि, शनिवार रात 10.30 बजे नाबालिग प्रेमी जोड़ा अजमेर से बस से जोधपुर बस स्टैंड पहुंचा था। बस स्टैंड से लगते पावटा और महामंदिर इलाके में दोनों ने ठहरने के लिए होटल की तलाश करना शुरू किया।

- **जोधपुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुये तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**
- **जोधपुर में होटल की तलाश में नाबालिग प्रेमी युगल सड़क पर भटक रहा था।**

रात 12.30 बजे महामंदिर इलाके में दोनों कृष्णा गेस्ट हाउस पहुंचे। वहां कर्मचारी सुरेश जाट ने दोनों से पहचान पत्र (आईडी) मांगा। दोनों के पास पहचान पत्र नहीं था। घर से भागकर आए थे इसलिए मोबाइल भी फ्लाइट मोड पर था। सुरेश ने दोनों को रूम देने से मना कर दिया और दुर्व्यवहार कर गेस्ट हाउस से बाहर निकाल दिया। इसके बाद दोनों महामंदिर से होते हुए पावटा इलाके में सड़क पर भटकने लगे। रात के लगभग 1 बजे थे। थक कर दोनों पावटा चौराहे पर सड़क किनारे बैठ गए।

पावटा चौराहे पर लड़के और लड़की को इस तरह बैठा देख वहां मौजूद समंदर सिंह निवासी बाड़मेर, भट्टम सिंह निवासी बाड़मेर और धर्मपाल सिंह निवासी ओसियां, जोधपुर उनके पास पहुंचे। वहां बैठे होने के बारे में पूछताछ की तो उन्हें शक हो गया कि, नाबालिग प्रेमी जोड़ा घर से भागकर आया है। लड़के ने बताया कि, वो अहमदाबाद अपने रिश्तेदार के पास जाना चाहता है। इस पर आरोपियों ने विश्वास में लेने के लिए कहा कि, बस से मत जाना, महंगा पड़ेगा। तुम्हें ट्रेन से जाना चाहिए। हम तुम्हारी मदद करेंगे। इसके बाद तीनों ने मददगार बनने का नाटक किया। प्रेमी जोड़े को खाना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी के बाद अब "आप" भी बैंगलुरु में विपक्ष की बैठक में शामिल होगी

## कांग्रेस ने आप पार्टी के मुद्दों का संसद में समर्थन करने की घोषणा की तो आप पार्टी ने भी कांग्रेस के इस रुख का स्वागत किया और बैंगलुरु में विपक्ष की बैठक में शामिल होने की बात जाहिर की

नई दिल्ली, 16 जुलाई। बैंगुलुरु में शुरू होने जा रही विपक्षी दलों की बैठक से ठीक पहले कांग्रेस ने रविवार को बयान जारी कर साफ कर दिया कि वह दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित केंद्र के अध्यादेश का संसद में समर्थन नहीं करेगी बल्कि संसद में आप पार्टी की मांग का समर्थन करेगी तथा इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठायेगी। कांग्रेस का कहना है कि, वह देश में संघवाद को ध्वस्त करने के केंद्र की सभी कोशिशों का विरोध करेगी। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के इस रुख का स्वागत किया है। कांग्रेस की इस बात ओर कांग्रेस ने बयान जारी कर कहा कि वह 17 से 18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली विपक्ष की बैठक में शामिल होगी। कांग्रेस का बयान आने के बाद आम आदमी पार्टी ने राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक बुलाई। यह बैठक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई जिसमें राघव चड्ढा, गोपाल राय, आतिशी समेत पार्टी के कई कद्दावर नेताओं ने भाग लिया। इसी बैठक में फैसला लिया गया कि आम आदमी पार्टी बेंगलुरु में सोमवार से शुरू होने जा रही विपक्षी दलों की दो दिवसीय बैठक में भाग लेगी। ममता बनर्जी ने भी इस बैठक में शामिल होने की घोषणा कर दी है।

- **बैंगुलुरु में शुरू होने जा रही विपक्षी दलों की बैठक से ठीक पहले कांग्रेस ने रविवार को बयान जारी कर साफ कर दिया कि, वह दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित केंद्र के अध्यादेश का संसद में समर्थन नहीं करेगी, बल्कि संसद में आप पार्टी की मांग का समर्थन करेगी तथ इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठायेगी।**
- **कांग्रेस का कहना है कि, वह देश में संघवाद को ध्वस्त करने के केंद्र की सभी कोशिशों का विरोध करेगी।**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राघव चड्ढा ने बैठक में लिए गए फैसले के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि, बैठक में सभी पहलुओं पर चर्चा हुई। दिल्ली का ऑर्डिनेंस साफ तौर पर राष्ट्र विरोधी है। इसका समर्थन करने वाला हर शख्स राष्ट्रविरोधी है। हर वो शख्स जो देश के लोकतंत्र से प्यार करता है, वह इस काले अध्यादेश के खिलाफ अपना वोट देगा। राघव चड्ढा ने आगे कहा- अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर हर विपक्षी दल से संपर्क किया था। सबने इस मुद्दे पर समर्थन की घोषणा की। आज कांग्रेस पार्टी ने भी दिल्ली के अध्यादेश के खिलाफ अपना स्टैंड क्लियर कर दिया और विरोध दर्ज करने की घोषणा की। हम कांग्रेस की घोषणा का स्वागत करते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हिस्सा लेगी। वहीं संयुक्त विपक्ष की बैठक से पहले बेंगलुरु पहुंचे कांग्रेस महासचिव-संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि पटना में हुई बैठक 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों को एकजुट करने की शुरुआती बैठक थी। अब बेंगलुरू में होने जा रही बैठक पटना समिट की अगली कड़ी है। हम इस बैठक के जरिए 2024 के आम चुनावों को लेकर आगे बढ़ेंगे। इससे पहले कांग्रेस ने साफ कर दिया था कि वह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## अजीत पवार और एन.सी.पी. के आठ मंत्रियों ने शरद पवार से मुलाकात की

मुंबई, 16 जुलाई (वार्ता)। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाले नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी. , अजीत पवार गुट) के नवनिर्वाचित मंत्रियों ने रविवार को यहां यशवंतराव चव्हाण केंद्र में राकांपा अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की और उनसे पार्टी को एकजुट रखने के तरीकों के बारे में सोचने का आग्रह किया। यह मुलाकात राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर हुई।

- **अजीत पवार गुट ने एन.सी.पी. अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की और उनसे पार्टी को एकजुट रखने के तरीकों के बारे में सोचने का आग्रह किया।**

मुलाकात के बाद राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल ने बताया कि श्री अजीत पवार सहित सभी राकांपा मंत्रियों ने श्री शरद पवार से इस बारे में सोचने का अनुरोध किया है कि राकांपा कैसे एकजुट रहेगी। उन्होंने कहा, शरद पवार हमारे भगवान हैं। हमने आज उनका आशीर्वाद लेने के लिए यशवंतराव चव्हाण केंद्र में मुलाकात की , हम सभी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'विपक्षी दलों में कांग्रेस की सबसे मजबूत स्थिति है, नेता कौन होगा इसका निर्णय बाद में लिया जायेगा'

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम ने कहा कि, बैंगलुरु की बैठक उद्देश्यपूर्ण होगी

नई दिल्ली, 16 जुलाई। बैंगलुरु में विपक्षी दलों की अहम बैठक से पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम का बयान सामने आया है। चिदंबरम ने कहा कि, विपक्षी दलों में कांग्रेस की एक मजबूत स्थिति है और हम सब मिलकर भाजपा को 2024 लोकसभा चुनाव में हराएंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि जिस तरह से "आप" ने विपक्षी दलों की पटना बैठक में दिल्ली अध्यादेश का मुद्दा उठाया और रखा वह "दुर्भाग्यपूर्ण" था। उन्होंने कहा, प्रत्येक मुद्दे का निर्णय उसकी योग्यता के आधार पर और उचित समय और स्थान पर किया जाना चाहिए।

चिदंबरम ने रविवार को विश्वास जताया कि विपक्ष एकजुट रहकर निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे सकता है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा विरोधी गुट का नेता कौन होगा ये उचित समय पर सामने आएगा, लेकिन अभी इसके बारे में बात करने की कोई जरूरत नहीं है। विपक्षी दलों के कई उद्देश्य एक समान हैं, क्योंकि वे भाजपा सरकार की सामाजिक और आर्थिक नीतियों का विरोध करते हैं, धीमी आर्थिक वृद्धि, उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ती बेरोजगारी के साथ-साथ आम लोगों की स्वतंत्रता में कमी को लेकर चिंतित हैं। चिदंबरम ने कहा कि बेंगलुरु में होने वाली आगामी बैठक निश्चित रूप से उद्देश्यपूर्ण होगी और हमें इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए कि अगला कदम क्या होगा। यह पूछे जाने पर कि विपक्ष ने फिलहाल नेतृत्व के सवाल को नजरअंदाज कर दिया है और जब मोदी 10 साल से सत्ता पर हैं तो क्या बिना प्रधानमंत्री पद के चुनाव में जाना संभव होगा। इस पर चिदंबरम ने कहा कि नरेंद्र मोदी भाजपा के शीर्ष पर रहे हैं और 10 वर्षों में केंद्र सरकार ताकतवर नहीं बल्कि कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी के हाथ खाली हैं, क्योंकि उन्होंने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। चिदंबरम ने तंज कसते हुए कहा कि शायद नारों को छोड़कर पी.एम. ने कुछ नहीं दिया।

- **चिदंबरम ने रविवार को विश्वास जताया कि, विपक्ष एकजुट रहकर निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे सकता है।**
- **चिदम्बरम ने कहा कि, जब प्र.मंत्री मोदी 10 साल से सत्ता पर हैं तो क्या बिना प्रधानमंत्री पद के चुनाव में जाना संभव होगा। इस पर चिदंबरम ने कहा कि, नरेंद्र मोदी भाजपा के शीर्ष पर रहे हैं और 10 वर्षों में केंद्र सरकार ताकतवर नहीं बल्कि कमजोर हुई है।**

## अडानी ग्रुप का पावर प्लांट बांग्लादेश में

ढाका/अहमदाबाद, 16 जुलाई (वार्ता)। भारत की अग्रणी अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने शनिवार को ने गोड्डा में अल्ट्रा सुपर-क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट से बंगलादेश को बिजली आपूर्ति की पूर्ण लोड की शुरुआत करने के बाद

- **अडाणी ग्रुप के पावर प्लांट की बांग्लादेश में शुरुआत के बाद उद्योगपति गौतम अडानी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की।**

बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से ढाका में मुलाकात की। झारखंड का गोड्डा यू.एस.सी.टी.पी.पी., जो कि अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत परियोजनाओं में अडाणी समूह के प्रवेश का प्रतीक है और देश की पहली चालू अन्तर्राष्ट्रीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी ने कहा, मेरा आठ साल का करियर बर्बाद हो जायेगा

## 'पुर्णेश मोदी की जिस याचिका के आधार पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है, वह न तो गंभीर है और न ही उसकी कोई नैतिक वैल्यू है, जिसके आधार पर इतनी कड़ी सजा दी जाए'

नई दिल्ली, 16 जुलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

अपील करते हुए राहुल गांधी ने लिखा है कि, अगर उन्हें सजा से राहत नहीं दी गई तो उनका आठ साल का करियर खत्म हो जाएगा। गौरतलब है कि, रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपुल ऐक्ट के सेक्शन 8 (3) के तहत दो साल की सजा पाया व्यक्ति जेल में रहने तक चुनाव नहीं लड़ सकता। इतना ही नहीं, सजा पूरी करने के बाद भी वह छह साल तक चुनाव लड़ने से वंचित रहेगा।

शीर्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि, पुर्णेश मोदी की जिस याचिका के आधार पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है, वह न तो गंभीर है और न ही उसकी कोई नैतिक वैल्यू है, जिसके आधार पर इतनी कड़ी सजा दी जाए।

- **राहुल गांधी ने अपनी याचिका में आगे कहा कि, जिन शब्दों के लिए उन्हें सजा सुनाई गई है, वह एक राजनैतिक विपक्षी के लिए था, न कि किसी जाति या समुदाय के खिलाफ। उन्होंने कहा है कि, इस बात को साबित करने के लिए कोई साक्ष्य भी नहीं है।**
- **पूर्व कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि, वे एक लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगर उन्हें सजा मिलती है और संसदीय सदस्यता छिन जाती है तो उनके क्षेत्र के लोग संसद में अपना प्रतिनिधित्व खो देंगे और उनकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं होगा। अगर सजा पर रोक नहीं लगाई गई तो यह वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लोगों के साथ भी एक तरह से नाइंसाफी होगी।**

राहुल गांधी ने अपनी याचिका में आगे कहा कि जिन शब्दों के लिए उन्हें सजा सुनाई गई है, वह एक राजनैतिक विपक्षी के लिए था, न कि किसी जाति या समुदाय के खिलाफ। उन्होंने कहा है कि, इस बात को साबित करने के लिए कोई साक्ष्य भी नहीं है। पूर्व कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि, वह एक लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगर उन्हें सजा मिलती है और संसदीय सदस्यता छिन जाती है तो उनके क्षेत्र के लोग संसद में अपना प्रतिनिधित्व खो देंगे और उनकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं होगा। अगर सजा पर रोक नहीं लगाई गई तो यह वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लोगों के साथ भी एक तरह से नाइंसाफी होगी। राहुल गांधी की याचिका में मोदी सरनेम को लेकर कहा गया है कि यह देश के विभिन्न समुदायों और उप-समुदायों का सरनेम है।

इनमें एकरूपता या समानता नहीं है। राहुल गांधी ने एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रसन्ना एस. के जरिये अपील दायर की। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से 24 मार्च, 2023 को अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

यदि दोषसिद्धि पर रोक लग जाती, तो इससे राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो जाता। उच्च न्यायालय ने इस मामले में दोषसिद्धि पर रोक संबंधी राहुल गांधी की याचिका खारिज करते हुए सात जुलाई को कहा था कि राजनीति में शुचिता अब समय की मांग है।

## एन.डी.ए. के पुराने साथी फिर लौट आये

नई दिल्ली, 16 जुलाई (वार्ता)। ओपी राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एस.बी.एस.पी.) रविवार को भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में फिर से शामिल हो गयी।

- **ओ.पी. राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एस.बी.एस.पी.) रविवार को भाजपा नीत एन.डी.ए. में फिर से शामिल हो गयी।**

समाजवादी पार्टी के सहयोगी रही एस.बी.एस.पी. का राजभर की यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के राजग में फिर से विलय हो गया। राजग में शामिल होने के बाद राजभर ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# चुनावों में जातियों की भूमिका

जैसे-जैसे चुनाव नज़दीक आते जा रहे हैं, देश का माहौल बदलता जा रहा है। बहुत बार सामान्य बोलचाल में चुनावों को लोकतंत्र का उत्सव या त्योहार कह दिया जाता है। चुनाव नज़दीक आने पर बढ़ी हुई हलचलें यह बात भी याद दिला देती हैं। चुनाव के अर्थ सबके लिए अलग-अलग होते हैं। जो राजनीति में आकण्ठ डूबे हैं उनके लिए चुनाव का मतलब एक अग्नि परीक्षा है और उनका एकमात्र लक्ष्य होता है इस अग्नि परीक्षा में खरा उतरना। जिस पार्टी में मैं हूं, या जिसमें जीतने की ज़्यादा संभावनाएं हैं, उस पार्टी से मुझे अपने मनचाहे निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिल जाए, टिकट मिल जाए तो मैं जीत जाऊं और जीत जाऊं तो सरकार में मेरी हिस्सेदारी पक्की हो जाए, न केवल पक्की हो जाए, मनचाहा मंत्रालय मुझे मिल जाए - यह सपना हर सक्रिय राजनीति कर्मी देखता है। जो लोग विभिन्न राजनीतिक दलों के कर्ता धर्ता हैं उनका लक्ष्य होता है कि 'जैसे भी हो' उनके दल की सरकार बन जाए। यहां 'जैसे भी हो' को विशेष रूप से पढ़ा और समझा जाए। इधर 'जैसे भी हो' वाली बात अधिक मुखर और प्रखर होती जा रही है। कहा होगा कभी मोहनदास कर्मचंद गांधी नाम के व्यक्ति ने कि अपवित्र साधनों से पवित्र साध्य प्राप्त नहीं किए जा सकते, लेकिन अब गांधी को बहुत पीछे छोड़ा जा चुका है। जो लोग आज सत्ता में हैं उनके लिए गांधी आदर्श का नहीं उपहास का विषय है, इसलिए यह बहुत स्वाभाविक है कि वे गांधी की बात पर अमल भी नहीं करते हैं। इसे किसी एक राजनीतिक दल के संदर्भ में ही नहीं पढ़ा जाए। गांधी को विस्मृत करने के प्रयास के मामले में सारे दल कमोबेश एक ही थैली ही थैली के चट्टे बट्टे हैं।

जहां राजनीति कर्मियों के लिए चुनाव का अर्थ अपनी जीत सुनिश्चित करना है वहीं समाज के अन्य तबकों के लोग भी उसमें अपने हित के अवसर तलाश करने लग गए हैं। चुनाव आते ही मीडिया की पूछ बहुत बढ़ जाती है। सरकारें बड़े-बड़े विज्ञापन देकर मीडिया को अपने अनुकूल करने के प्रयासों में जुट जाती हैं तो मीडिया भी इस अवसर का भरपूर दोहन करने में कोई संकोच नहीं करता है। इधर सभी ने इस बात को देखा होगा कि सुदूर दक्षिण के राज्य भी उत्तर भारत के समाचार पत्रों को अपने विज्ञापनों से पाट रहे हैं। उनके विज्ञापन यहां के लोग भले ही न देखें, या वे उन्हें अपने लिए प्रासंगिक न पाएं, विज्ञापन देने वाले मीडिया को उपकृत करके उसकी सद्भावना तो अर्जित कर ही लेते हैं। इधर के बरसों में मीडिया प्रबंधन भी बहुत व्यवस्थित और संग़ठित रूप से होने लगा है। अनेक एजेंसीज़ यह काम करने लगी हैं। चुनाव उनके लिए भी एक बड़ा अवसर होता है और वे दोनों हाथों से इस अवसर को लपक लेने के लिए लालायित रहती हैं। उन्हें उपकृत करने वाली सरकारें भी कोई कृपणता नहीं बरतती हैं। आखिर अपनी गांठ से क्या जाता है?

आम लोग भी बहती गंगा में हाथ धोने में पीछे नहीं रहते हैं। बिना समुचित सरकारी अनुमति के भवन निर्माण, अवैध निर्माण, अतिक्रमण जैसे अनेक काम चुनाव के समय काफी तेज़ हो जाते हैं। हरेक यह जानता समझता है कि इस समय मतदाता को नाराज़ करने का खतरा कोई नहीं उठाएगा। सरकारी कर्मचारी भी अपनी लंबित मांगों को लेकर अधिक सक्रिय हो उठते हैं। वे इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि अगर अभी उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो फिर अगले चुनाव तक इंतज़ार करना पड़ेगा। एक बार जीत जाने के बाद सरकार के पास उनकी बात सुनने के लिए कोई समय नहीं होगा। कर्मचारी भी अब इतने समझदार हो गए हैं कि अपनी मांगों को बढ़ा चढ़ाकर पेश करते हैं, यह जानते हुए कि सरकार भी कुछ मोलभाव करेगी, और अगर उन्होंने तोप मांगी है तो तमंचा तो दे ही देगी। असल में उनकी ज़रूरत भी तमंचे की ही होती है।

> **हम जाति सम्मेलन करके अपनी जाति के लोगों के लिए टिकट मांगते रहेंगे और चाहेंगे कि चुनावों में और सरकारी कामकाज में जाति का हस्तक्षेप न हो! अगर हमें जातिवाद को ख़त्म करना है तो इस दोहरेपन को समझना और इससे किनारा करना होगा। तभी स्थितियां सुधरेंगी।**

इधर चुनाव नज़दीक आने पर एक नई प्रवृत्ति देखने को मिलने लगी है, जो रोचक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। चुनाव नज़दीक आते देख विभिन्न जातियों के संगठन भी सक्रिय हो उठते हैं और वे राजनीतिक दलों से यह मांग करने लगते हैं कि उनकी जाति के लोगों को अधिक से अधिक टिकट दिये जाएं। जातियों के नेतागण इस मामले में बड़े उदार होते हैं कि वे अपनी मांग किसी दल विशेष से न करके सभी दलों से करते हैं। हर जाति की शिकायत यही होती है कि उसे आनुपातिक रूप से कम राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलता रहा है और उस जाति वालों की मांग होती है कि इस असंतुलन को कम किया जाए। विभिन्न राजनीतिक दलों के मझले या बड़े (बहुत बड़े तो नहीं) नेता भी इस तरह के सम्मेलनों में शामिल होते हैं और अपनी आदत और अभ्यास के अनुरूप इन जातियों को आश्वासनों के झुनझुने थमा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते हैं। अब यह कोई छिपी हुई बात नहीं रह गई है कि हर राजनीतिक दल विभिन्न जातियों को ध्यान में रखकर ही टिकट वितरण करता है। न केवल टिकट वितरण करता है चुनाव जीतने की रणनीतियां बनाते हुए भी जातीय समीकरणों को ख़ास महत्व दिया जाता है। लेकिन जो बात मुझे चकित करती है और क्षुब्ध भी, वह यह कि विभिन्न जातियों के लोग कैसे एक साथ सभी दलों से टिकट की मांग कर सकते हैं? ध्यान देने की बात यह है कि जब कोई समाज किसी दल से टिकट की मांग करता है तो अप्रत्यक्ष रूप से वह यह भी संकेत देता है कि हमारा पूरा समर्थन आपको मिलेगा। सोचिये कोई वाम और दक्षिण, साम्प्रदायिक और धर्म निरपेक्ष, समाजवादी और पूंजीवादी दोनों को एक साथ कैसे समर्थन दे सकता है? जो दल राजनीति में एक दूसरे के खून के प्यासे हैं, हम उन दोनों को एक साथ कैसे अपने सहयोग का आश्वासन दे सकते हैं? हमारा अपना कोई सोच है भी या नहीं? हम किसी को सही और किसी को ग़लत मानते हैं या नहीं? क्या विचारधारा का कोई अर्थ नहीं है हमारे लिए? यह तो शुद्ध नंगई है कि आप विचारधारा को ताक पर रखकर केवल जाति के आधार पर समर्थन मांगे और दें।

एक और बात। जब किसी जाति विशेष के लोग चुनाव के नज़दीक आने पर अपना सम्मेलन या महासम्मेलन करते हैं और उसमें बड़ी भीड़ जुटाते हैं तो असल में यह राजनीतिक दलों के समक्ष उनका शक्ति प्रदर्शन होता है। वे राजनीतिक दलों को बताते हैं कि देखो हमारे पास इतना जन बल है, हमारी उपेक्षा करना बड़ा महंगा पड़ने वाला है तुम्हें। राजनीतिक दल भी उनकी बात सुनकर उनके कुछ प्रतिनिधियों को टिकट देकर उपकृत कर देते हैं। लेकिन टिकट मिल जाने से आम तौर पर उस जाति का क्या भला होता है? जो लोग इस तरह के सम्मेलनों में शामिल होते हैं, अपना समय व साधन नियोजित करते हैं उन्हें क्या हासिल होता है? केवल इस बात का सुख कि हमारी जाति के एक व्यक्ति को टिकट मिल गया है, या वह एमएलए या एमपी बन गया है, या वह मंत्री बन गया है! समाज का आम सदस्य क्या इस थोथे गर्व के लिए इतनी ज़हमत उठाता है? उसकी मांग पर जिसे टिकट दिया जाता है क्या वह जीत जाने के बाद उस अकिंचन व्यक्ति को पहचानता भी है? क्या वह ज़रूरत पड़ने पर कभी उसके काम भी आता है? काम आना तो दूर की बात है क्या उससे मुलाकात भी मुमकिन होती है? चुनाव जीतते ही वह किसी और दुनिया का सदस्य बन जाता है। उसके जैसे सुर्खाब के पर निकल आते हैं।

सोचने की बात यह है कि क्या इस तरह के जातिगत सम्मेलन सामान्य जन का दोहन और शोषण नहीं है? इनसे लाभ, अगर होता है, तो चंद रसूखदार लोगों का होता है। वे ही इन भोले-भाले लोगों को अपनी पालकी उठाने के लिए और अपनी जय जयकार करने के लिए इस्तेमाल करते हैं, और करके भूल जाते हैं। मैं तो याद नहीं कर पाता हूं कि किसी ने भी चुनाव जीतने के बाद अपनी जाति के लिए कुछ ख़ास किया हो। और सच बात तो यह है कि उसे किसी जाति विशेष के लिए करना भी नहीं चाहिए।

बहुत दुखद बात यह है कि हम चुनावों और देश के वर्तमान लोकतंत्र में जिस जातिवाद को गरियाते नहीं थकते हैं, व्यवहार में उसी जातिवाद को पालते-पोसते भी हैं। यह हमारा दोहरा और दोगला चरित्र बहुत सारी विसंगतियों और विडम्बनाओं के मूल में है। हम अपने गिरेबान में झांककर नहीं देखते हैं। हमारी सारी उम्मीद औरों से ही होती है। हम जाति सम्मेलन करके अपनी जाति के लोगों के लिए टिकट मांगते रहेंगे और चाहेंगे कि चुनावों में और सरकारी कामकाज में जाति का हस्तक्षेप न हो! अगर हमें जातिवाद को ख़त्म करना है तो इस दोहरेपन को समझना और इससे किनारा करना होगा। तभी स्थितियां सुधरेंगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# फ्रांस की व्यापक हिंसा का अध्ययन होना चाहिए



**डॉ. रामावतार शर्मा**

सन 2018 से आज तक फ्रांस में सिलसिलेवार पीली जैकेट आंदोलन जारी है जिसमें सामान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हैं। ये साप्ताहिक प्रदर्शन सामाजिक एवम् आर्थिक न्याय, सरकारी पारदर्शिता, अप्रवासन (इमिग्रेशन) पर अंकुश, नस्लवाद का विरोध, जन सुविधाओं का विस्तार आदि 42 मांगों को लेकर होते रहते हैं। भारत की तरह फ्रांस सरकार भी नियमित पेंशन में कटौती कर रही है इसको लेकर भी वहां ज़बर्दस्त आंदोलन होते रहते हैं। अभी हाल ही में एक पुलिस सार्जेंट द्वारा एक 17 वर्ष के लड़के को बिना किसी विशेष कारण गोली मारने के बाद फ्रांस के कुछ शहर यकायक दहकने लगे। यह घटना एक लंबे जन असंतोष की परिणति है हालांकि भारत में सोशल मीडिया इसे एक अलग ही दृष्टिकोण से पेश कर रहा है। सरकार और समाज भी इस दुष्प्रचार को अनदेखा कर रहे हैं हालांकि फ्रांस में जो आज हो रहा है वह व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे माध्यमों पर फैलाई गई दुर्भावनाओं का ही परिणाम है।

फ्रांस ने अल्जीरिया को अपना उपनिवेश बना कर अमानवीय कृत्य किए थे। आगे चलकर जैसे भारतीय उपमहाद्वीप से लोग ब्रिटेन जा बसे वैसे ही अल्जीरिया और कई अन्य फ्रांसीसी उपनिवेशों से जाकर लोग फ्रांस में बस गए। प्रारंभ में ये विदेशों से आए लोग फ्रांस के रईसों के नौकर-चाकर थे परंतु समय के साथ रईसी समाप्त होती गई, शिक्षा का प्रसार हुआ, प्रतिस्पर्धा बढी तो संघर्ष का जन्म हुआ। आज जो कुछ फ्रांस में हो रहा है वह इन सामाजिक समीकरणों का परिणाम है। 17 वर्षीय नाहेल को दो पुलिस सार्जेंटों ने रोका तो वह रुका नहीं। ऐसे में एक ऑफिसर ने उसके सिर पर गोली चलाकर उसे मार दिया। उस अधिकारी के अनुसार लड़के का कार चलाना गैर कानूनी था और वह अन्य लोगों के लिए खतरा बन सकता था इसलिए उस पर गोली चलाई गई। इस अधिकारी के इस तर्क को स्वीकार नहीं किया गया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

चूंकि यूरोपियन फ्रेंच लोग और बाहर से आकर बसे फ्रांसीसी लोगों के जीवन स्तर में बड़ा अंतर है तो नाहेल की हत्या ने एक चिंगारी का काम किया। गैर यूरोपियन फ्रेंच लोग लूटपाट करने लगे। ज्यादातर उत्पाती और लुटेरे 15 से 20 साल की उम्र के थे। लंदन के ईवनिंग स्टार समाचार पत्र के अनुसार फ्रेंच पुलिस का एक वर्ग अतिवादी लोगों से भरा हुआ है जो मानता है कि ;हम जाहिल कीड़ों के साथ युद्ध कर रहे हैं।; मृत नाहेल की दादी ने शांति की अपील की है और कहा है कि ;हिंसा से हम उन लोगों को नुकसान पहुंचा रहे है जो हमारे अपने जैसे ही हैं।; लंदन के दूसरे पत्र गार्डियन के अनुसार ;भू राजनैतिक (जियोपोलिटिकल), सामाजिक और नस्लवाद आदि इस समस्या के जन्मदाता हैं।; फ्रेंच मीडिया ने काले लिबास में हथियारबंद लुटेरों को बार बार दिखाया जो ज्यादातर 17-18 वर्ष के थे।

यूरोपियन समाचार पत्रों के अनुसार पुलिस काले और उत्तरी अमेरिकन लोगों पर ज्यादा ही सख्ती बरतती है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के अनुसार बच्चे पर गोली चलाने की घटना ;वह क्षण है जिसमें देश को आत्मावलोकन करना चाहिए कि यहां पर कानून लागू करने वालों में नस्लवाद और नस्ल आधारित भेदभाव कितना गहरा हो चला है।; ऐसा नहीं है कि फ्रांस की पूरी पुलिस नस्लवादी है या फिर उत्तरी अमेरिकन और काले लोगों में अपराधियों की कमी है परंतु पुलिस और फ्रांस की आम जनता का एक भाग धुर दक्षिणपंथी है जो गैर फ्रांसीसी मूल के लोगों से नफरत करता है और गोरों की सर्वोच्चता को ही स्वीकार करता है। इनकी नेता मेरी ली पेन यदि अगला राष्ट्रपति का चुनाव जीत गई तो एमानुएल मैक्रॉन की मध्यम मार्ग नीति को नष्ट कर देगी। मैक्रॉन संविधान के अनुसार तीसरा चुनाव नहीं लड़ सकते परंतु वे नहीं चाहते कि ली पेन उनकी परंपरा को नष्ट कर एक नस्लवादी फ्रांस को जन्म दें।

प्रसिद्ध फ्रांसीसी लेखक एंड्रयू हसी के अनुसार ;यह समय फ्रांस की सरकार और वहां के लोगों के लिए अवलोकन करने का है कि जहां आज फ्रांस खड़ा है वहां से वह 21वीं सदी में अपने उद्देश्य प्राप्त कर सकता है या नहीं।; फ्रांस में उत्पाती लड़कों ने जन संपत्ति को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। वे लोग ये भूल गए कि यह संपति उनकी अपनी है और इसे दुबारा बनाने में वर्षों लगेंगे जिसकी वजह से उनका आज का कठिन जीवन और मुश्किल हो जायेगा। समय आ गया है जब फ्रांस ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को सोचना होगा कि लोग अपना जीवन चोर, लूटेरे और हत्यारों के हाथों सुपुर्द नहीं करें क्योंकि ये लोग धर्म, नस्ल, रंग, जाति और स्थानीयता आदि की ओट लेकर हर तरफ तबाही मचाते रहेंगे। ऐसे लोग किसी भी आधार पर किसी भी तरह के समर्थन के अधिकारी नहीं हैं। नाहेल की हत्या अमानवीय और अक्षम्य है परंतु उसके जवाब में सामान्य लोगों के व्यापारिक प्रतिष्ठानों की लूट, तोड़फोड़, जन संपदा का विनाश और व्यापक हिंसा किसी भी मापदंड पर उचित नहीं है। व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसी एप्स के जरिए विश्व भर में जो द्वेष और दुश्मनी का वातावरण बनाया जा रहा है उसके विरोध में पुर असर आवाजें उठनी चाहिएं वरना फ्रांस की घटनाएं इंगित कर रहीं हैं कि आगे चलकर इस तरह जलने धधकने वाला देश अकेला फ्रांस ही नहीं रह जाएगा। धार्मिक शिक्षा की ओट में जो जहर का पेड़ बोया जाता है उस पर प्रहार का समय आ गया है। धार्मिक शिक्षा के नाम पर जो राजनीति और नफरत पर आधारित जहर बच्चों को पिलाया जा रहा है वह अब आग का रूप ले चुका है।


मशहूर शायर कैफ भोपाली के शब्दों में कहा जाए तो--

**आग का क्या है, पल दो पल में लगती है,**
**बुझते-बुझते एक जमाना लगता है।।**

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# बनास कलाकार समूह टोंक की ओर से रंग मल्हार का आयोजन

- **अंतर्राष्ट्रीय कलाकार उत्सव 14वें रंग मल्हार आयोजित हुआ**



बनास कलाकार समूह की ओर से रंग मल्हार का आयोजन डाक बंगला टोंक में किया।

**टोंक,** (निसं)। बनास कलाकार समूह टोंक की ओर से रविवार को अंतर्राष्ट्रीय कलाकार उत्सव 14वें रंग मल्हार का आयोजन डाक बंगला टोंक में किया। इस आयोजन के प्रेरक कलागुरु विद्यासागर उपाध्याय है जिन्होंने जयपुर से इस आयोजन का आगाज किया था। इस आयोजन के अंतर्गत सभी कलाकार देश में अच्छी वर्षा और सुख संपन्नता के लिए प्रार्थना करते हैं और अपनी कूँची के रंग बिखेरते हैं।

आयोजन में रंग करने हेतु प्रतिवर्ष सभी कलाकार अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख स्थान पर एकत्रित होकर चयनित थीम ऑब्जेक्ट पर या उसकी रेप्लिका बनाकर उस पर पेंट किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन राष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय आयोजन के रूप अपनी पहचान बना रहा है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों के कलाकार इस आयोजन का हिस्सा बने। इस वर्ष की थीम ऑब्जेक्ट चाय केतली है, इतिहास हो चुकी चाय की केतली एक बार फिर घरों के स्टोर से निकलकर रंग मल्हार के रंगों से सरोबार होकर फिर से आमजन के बीच आने को तैयार है। आज इस आयोजन के दौरान बहुत से प्रतिभागी जिन्हें केतली नहीं मिली उन्होंने केतली की रेप्लिका बनाकर उसे नए रूप में आमजन के बीच लाने की तैयारी कर रहे हैं। बनास कलाकार समूह के सभी कलाकारों ने सक्रियता के साथ भाग लिया।

अध्यक्ष जसवंत सिंह नरुका ने बताया कि इस आयोजन में कुल 40 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया जिनमें पूनम सालोदिया, हुनर सालोदिया, युवराज साहू, मेहुल गुर्जर, नरेंद्र साहू, प्रतुल गुर्जर, डॉ. हनुमान सिंह खरेड़ा, लक्षित साहू, रचित साहू, मनीषा तमोली, कुसुमलता तमोली, राजवंती तमोली, माहिरा खान, जमील उन्नीसा, शेख यावर हबीब, अरवीश, वैष्णवी सोनी, निशात मुबीन, शाईस्ता खान, उमेश साहू, मोनू बंजारा, शैलेन्द्र सिंह भाटी, जसवंतसिंह नरुका, पुरुषोत्तम सोनी, नवोदय विद्यालय छान से ताराचंद शर्मा, अपेक्षा चौधरी, निहारिका चौधरी, अंजली चौधरी, प्रिया, परी गुर्जर, अंजली मीना, अभिषेक बैरवा, अभिषेक गुर्जर, अर्पित चौधरी, सुमित तलवार, अंकेश जाट, आदित्य चौबदार, कृष्णा कंवर, गिरधर सिंह राजावत, प्रियंका शर्मा, अनंत मिश्रा, अजय मिश्रा, अन्नपूर्णा भंडारी मूंदडा और चित्रकार महेश गुर्जर सम्मलित थे। बनास कलाकार समूह के सचिव उमेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया और सभी ने अनुभव साझा किये।

# पुष्कर के गऊ घाट पर कावड़ियों की भीड़ उत्पात मचा रही है, पुलिस तैनात

- **कावड़िया युवा होने के कारण कहना नहीं मानते, गहरा पानी होने से डूबने का डर बना है**



पुष्कर के घाटों पर तैनात पुलिस जाप्ता किया गया।

**पुष्कर,** (निसं.)। गऊ घाट पर कावड़ियों की भीड़ व कावड़िये पानी में उत्पात मचा रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस उप अधीक्षक मनीष बडगुजर एवं पुष्कर के एसडीएम निखिल कुमार ने घाटों पर पुलिस का जाप्ता तैनात कर दिया है।

पुष्कर के जागरूक नागरिक हेमंत रायता ने बताया कि रविवार होने की वजह से हजारों की तादात में कावड़िया भोले पर जल अभिषेक करने हेतु जल लेने आए हुए हैं। इस दौरान खासकर युवा लोग होते हैं उन्हें पुष्कर के जल की जानकारी नहीं होती है ऐसे में कोई हादसा नहीं घटे इसको लेकर कावड़ियों को अवगत कराया जाता है। लेकिन कावड़िया युवा होने के कारण कहना नहीं मानते हैं गहरा पानी होने के कारण डूबने का डर बना हुआ है इसलिए पुलिस जाता लगाना जरूरी है। यह पोस्ट उसे करके एसडीएम निखिल कुमार और ग्रामीण पुलिस उपअधीक्षक को डालते ही उन्होंने पुष्कर के घाटों पर स्पेशल जाता तैनात कर दिया है। हालांकि सिविल डिफेंस टीम भी कार्य कर रही है। एसडीआरएफ की टीम भी बहुत जरूरी है क्योंकि आगामी दिनों में कावड़ियों की तादाद और बढ़ेगी। ग्रामीण पुलिस उप अधीक्षक मनीष बडगूजर ने घाटों पर जाप्ता तैनात करके उनकी जानकरी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोई घटना नहीं घटे इसके पहले ही पुलिस तैनात कर दिए पूरी रात कावड़िया जल लेने के लिए पुष्कर आ रहे हैं। प्रशासन को अब एसडीआरएफ की टीम भी जरूर तैनात करनी चाहिए।

## लकड़ी से भरा ट्रक कंटेनर जब्त किया

**माण्डलगढ़,** (निस) बीगोद थाना पुलिस ने गश्त के दौरान आरा मशीनों से कटिंग की गई अवैध लकड़ियों से भरा कंटेनर ट्रक को पकड़ा है। चालक के पास लकड़ी परिवहन का परमिट नहीं मिलने पर संदिग्ध ट्रक को थाने में खड़ा कराया है और कार्रवाई के लिए वन विभाग को सूचना दी। बीगोद थाने के सहायक उप निरीक्षक जय सिंह के अनुसार खटवाड़ा-बीगोद मार्ग पर एक संदिग्ध कंटेनर आ रहा था। ट्रक को रुकवा कर तलाशी ली गई। ट्रक की बन्द बॉडी में आरामशीन से कटिंग की गई विभिन्न किस्म की लकड़ियां भरी हुई थी। ट्रक चालक के पार लकड़ी परिवहन परमिट नहीं मिला। जब्त कंटेनर ट्रक की जांच एवं कार्रवाई के लिए माण्डलगढ़ वन विभाग के रेंजर दशरथ सिंह को सूचना की गई जो रविवार सांय तक वन विभाग से कोई अधिकारी थाने नहीं पहुंचा।


# मजदूर का सिलिकोसिस कार्ड बनाने के नाम पर 1.20 लाख की ठगी

**जोधपुर,** (कासं)। पत्थर की खदान पर काम करने वाले एक श्रमिक का सिलिकोसिस कार्ड बनाने के नाम पर ठगी हो गई। श्रमिक से एक महिला ने 1 लाख 20 हजार रूपये हड़प लिए। यह ठगी इसलिए भी ज्यादा दुखद है, क्योंकि श्रमिक खुद पाई-पाई जोड़ कर और लोगों से उधर लेकर यह राशि लाया था। पुलिस ने एक महिला समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मथानिया थाना क्षेत्र के नेवरा गांव के रहने वाले राजू सिंह जो कि खुद पत्थर की माइंस में श्रमिक है, ने रिपोर्ट दी कि जोधपुर निवासी सुमित्रा से उनका कुछ दिन पहले संपर्क हुआ था और उसने सिलिकोसिस कार्ड बनाने का वादा किया। श्रमिक भी उसके झांसे में आ गया और उसके कहे अनुसार पाई पाई जोड़ कर और अपने परिचित लोगों से उधार रुपए लेकर 1 लाख 20 हजार की राशि जुटाकर उसे दे दी। महिला काफी दिनों तक तो कार्ड बनाने का झांसा देती रही। लेकिन इसके बाद पीड़ित से किनारा कर लिया। इतनी बड़ी राशि देने के बाद भी पीड़ित का सिलिकोसिस कार्ड नहीं बनने पर उसे ठगी का एहसास हुआ और मथानिया थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है सिलिकोसिस कार्ड बनने के बाद उस व्यक्ति को राजस्थान सरकार अधिकारिक रूप से इस बीमारी से पीड़ित मान लेती है। इसके बाद पीड़ित को जो भी सुविधाएं दी जाती है वहां मिलने लगती है। एक लाख रुपए की सहायता राशि राजस्थान सरकार तुरंत देती है। इसीलिए पीड़ित ठग महिला के झांसे में आ गया। महिला ने प्रलोभन दिया कि कार्ड बनते ही सरकार की ओर से उसे एक लाख मिल जाएंगे। लेकिन ना तो कार्ड बना और ना ही पीड़ित की ओर से दिए गए रूपये वापस मिले।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### सोमवार 17 जुलाई, 2023


प्रथम सावन मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, अमावस्या, सोमवार, विक्रम संवत 2080, पुनर्वसु नक्षत्र मंगलवार प्रातः 5:11 तक, व्याघात योग प्रातः 8:57 तक, चतुष्पद करण दिन 11:05 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 10:32 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

कुमार योग रात्रि 12:02 से मंगलवार प्रातः 5:11 तक है। आज देवपितृकार्य अमावस्या, हरियाली और सोमवती अमावस्या, संक्राति पूण्यकाल पूर्वान्ह में है। आज सावन वन सोमवार, सरस माधुरी जयन्ती है। आज से मनस पूजन आरम्भ होगी। आज करकट पूजा (केरल में) है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:24 तक, शुभ 9:10 से 10:51 तक, चर 2:14 से 3:55 तक, लाभ-अमृत 3:55 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:30 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 6:18




**मेष**

पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।




**वृष**

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।




**मिथुन**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**कर्क**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिव समस्या का समाधान हो सकता है।



**सिंह**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**कन्या**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**तुला**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।



**धनु**

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



**मकर**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**कुंभ**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।



**मीन**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




# ब्राह्मण समाज के भामाशाहों का सम्मान

**कोटा, (निसं)।** सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर कोटा के द्वारा नवम, सनाढ्य आदिगौड़ वैवाहिक सम्मेलन के भामाशाहो व विधवा पेंशन में सहयोग देने वाले भामाशाहो का सनाढ्य भवन महावीर नगर प्रथम में स्वागत किया गया, इस अवसर पर, रविंद्र त्यागी को दोबारा शहर जिला अध्यक्ष कांग्रेस बनाये जाने पर ब्राह्मण समाज के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर समिति के पुर्व अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, स्वाधीन कुमार शर्मा, कृष्णकांत चरोरा,

- **सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति के तत्वावधान में आयोजन हुआ**



कोटा में ब्राह्मण समाज के भामाशाह का सम्मान किया गया।

जटाशंकर शर्मा, गोविन्द शर्मा पुर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस, सूरजमल शर्मा, महावीर पंचौली, राजेश शर्मा, संजय शर्मा, लोकेश शर्मा सभी समाजसेवी मंचासीन रहे। इस बार समाजसेवियों को ही मंचासीन किया गया।

समिति संरक्षक राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस समिति द्वारा हर वर्ष विवाह सम्मेलन व परिचय सम्मेलन किया जाता है। इस बार का परिचय सम्मेलन 25 दिसम्बर 2023 को रखा गया है। जिसके बायोडाटा फार्म समिति कार्यालय से कभी भी निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। जल्दी ही टीम बना कर पूरे संभाग में सभी जगह परिचय फार्म भेजें जायेंगे। अध्यक्ष ओम प्रकाश टंकारिया ने बताया कि इस समिति के द्वारा समिति के परिवारों की विधवा/परित्यक्ता महिलाओं को जनवरी माह से पेशन शुरू की गई थी वो अभी तक लगातार चल रही है।

समिति कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार पाठक ने बताया कि जल्दी ही एक कोष ओर बनाया जायेगा जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा व चिकित्सा में मदद की जावेगी।

महामंत्री राम स्वरूप शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त 23 को सनाढ्य समाज के प्रतिभावान बच्चों का, जिनके 10वीं 12वीं में 80 प्रतिशत से ऊपर मार्क्स आए हैं उनका व विशेष योग्यता जैसे मेडिकल, आईआईटी, सीए वगैरह में चयन हुआ है।

या कोई विशेष उपलब्धि हासिल की है उन सभी बच्चों का सम्मान किया जावेगा इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के संगठनों के प्रतिनिधि डॉ. अनिल शर्मा, किशन पाठक, हरिसुधन शर्मा, विकास शर्मा, रमाकांत चरोरा, भेरुलाल शर्मा, पार्षद अमर शर्मा पार्षद योगेंद्र शर्मा अनिल तिवारी धर्मेंद्र दीक्षित कमल शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा ने किया कार्यक्रम पश्चात सभी ने, सावन की रिमझिम फुहारों के बीच स्नेहभोज का आनंद लिया।

## अनशन कर रहे युवा नेता गिर्राज गौतम की तबीयत बिगड़ी

**कोटा, (निसं)।** खरीफ की फसलों के लिए नहरी पानी छोड़ने की मांग को लेकर 4 दिनों से अनशन पर बैठे युवा किसान नेता गिर्राज गौतम, बलकासा वितरिका अध्यक्ष हनुमान मीणा की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के कारण प्रशासन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां विभिन्न प्रकार की जांचे की गई गिर्राज गौतम का शुगर और वजन एकदम से घटने के कारण हालत चिंताजनक हो गई उन्हें तुरंत उपचार दिया गया लेकिन उन्होंने कहा कि वह अपना अनशन समाप्त नहीं करेंगे जब तक प्रशासन द्वारा किसानों के हित में निर्णय नहीं हो जाता वह अस्पताल में ही अनशन पर ही रहेंगे। कई प्रशासनिक अधिकारियों ने मनाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कहा कि जब तक किसानों के हित में फैसला नहीं हो जाता मेरा अनशन जारी रहेगा वहीं दूसरी ओर पड़ाव स्थल पर किसानों ने निर्णय लिया कि कल कोटा बूंदी क्षेत्र के विभिन्न गांव से लोग पड़ाव स्थल पर पहुंचेंगे और अगर नहरे नहीं छोड़ी तो किसान स्वयं जाकर नहरों के गेट खोल देगा। इसको लेकर विभिन्न गांव में संपर्क किया गया एवं लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अनशन स्थल पर पहुंचने का आव्हान किया गया।

# सावन के संग फैशन के रंग बिखरे



कोटा में फैशन के जरिए सावन के रंगों का प्रदर्शन किया गया है।

कोटा, (निसं)। सावन के पवित्र महीने में मनाए जाने वाली हरियाली अमावस्या का बहुत महत्व है।

इसको देखते हुए कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलोजी संस्था द्वारा हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में हरियाली महोत्सव का आयोजन रंगबाड़ी स्थित गणेश उद्यान में किया गया जिसके लिए संस्था के विद्यार्थियों ईशिता मित्तल, नूर उल कमर, रानु मालव, तहजीबा अंसारी, सानिया, रेहान, टीना सोनी, अलिशा शेख, मनीषा धाकड़ और नुरेन अंसारी द्वारा हरे रंग के लहरिया से इंडो वेस्टर्न कलेक्शन तैयार किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने लहरिया से प्लाजों, गरारा, धोती सारी, कुर्ती, ब्लाउज, तैयार किए गए।

जिन्हें संस्था के स्टूडेंट और मॉडेल्स दिव्या जैन, शेख निखात, रियांशी, जिया, ईशिता, रानु, खुशी, कोमल नन्दवाना, आयुषी और स्वाति सिंह द्वारा राजस्थानी फोल्क म्यूजिक के साथ प्रस्तुत किया गया संस्था की निदेशक पूजा राजवंशी ने बताया कि हर वर्ष सावन मास में होने वाली भिन्न-भिन्न त्यौहार पर संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। परंतु इस वर्ष हरियलो सावन पर आयोजन किया गया। संस्था युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति ओर सभ्यता से जोड़ने के लिए हमेशा फैशन के माध्यम से प्रयास करती रहती है।

# चार दिन में पावर ट्रांसफार्मर लगेगा, किसान आंदोलन समाप्त : राजावत

**कोटा, (निसं)।** किशनपुरा तकिया जीएसएस से गंगायचा फीडर के गंगायचा, रंगपुर, गांवड़ी, खेजड़ा की चौकी, किशनपुरा, देवली मच्छियान आदि गांवों के किसानों को एक घण्टा भी थ्री फेज बिजली नहीं मिलने से नाराज किसानों का आंदोलन अब समाप्त हो गया है।

आज पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत, किसानों और विद्युत अधिकारियों के मध्य हुई वार्ता के बाद यह तय हुआ कि 4 दिन में ही किशनपुरा तकिया जीएसएस पर नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सभी किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जायेगी। ज्ञात हो कि शुक्रवार को खेती के बिजली नहीं मिलने से नाराज किसानों ने पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत के साथ किशनपुरा तकिया जीएसएस का घेराव कर जंगी प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। आज हुई वार्ता में राजावत ने विद्युत अधिकारियों को कहा कि प्रतिवर्ष इस मौसम में चावल की फसल के समय में किसानों को बिजली की भारी जरूरत होती है ऐसे में वे किसानों की मांग का इंतजार किये बिना ही बरसात से पूर्व ही तैयारी कर लें और जरूरत के मुताबिक ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत तंत्र को मजबूत कर लें। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही का ही परिणाम है कि जीवन मरण के संकट से जूझ रहे किसान आंदोलन करने को विवश हो जाते हैं।

राजावत ने कहा कि नये ट्रांसफार्मर से केवल एक क्षेत्र में ही समस्या समाधान होगा लेकिन समस्या लगभग पूरे लाड़पुरा में ही बनी हुई है, चाहे कैथून क्षेत्र हो चाहे मण्डाना हो किसान बिजली की कमी से जूझना पड़ रहा है। विशेष रूप से निगम क्षेत्र में किसानों को 2000 यूनिट निशुल्क बिजली भी नहीं मिल रही है और 24 घण्टे बिजली आपूर्ति भी नहीं मिल रही है।

वार्ता में रंगपुर सरपंच बालचंद मालव, किशनपुरा तकिया सरपंच गुरूशरण आकोदिया, राजेन्द्र मालव, तुलसीराम मालव, गिरिराज मालव, वार्ड पंच राकेश मीणा, रघुवीर मालव, मुकुट बिहारी मालव, कृष्णमुरारी, शिवराज, श्रवण सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बिल्व पत्र पौधारोपण अभियान

**कोटा, (निसं)।** भगवान शिव की आराधना का प्रमुख पवित्र सावन का महीने में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से संभाग के शिव मंदिरों में ट्री गार्ड सहित बिल्व पत्र पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शिव मंदिर परिसर में ट्री गार्ड सहित बिल्व पत्र पौधारोपण किया जा रहा है ताकि भक्तजनो को बिल्व पत्र मंदिर परिसर में ही उपलब्ध हो सके। महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूया गोस्वामी ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर समाज सेवी हरि कृष्ण बिरला के सानिध्य में अभियान के तहत मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य हाड़ौती के शिव मंदिरों के परिसर में शिव मंदिर परिसर में ट्री गार्ड सहित बिल्व पत्र पौधारोपण कर रहे हैं।

# मोशन के नि:शुल्क शिविर में 842बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श

**कोटा, (निसं)।** स्वस्थ-विद्यार्थी, सशक्त-भारत अभियान के तहत रविवार को मोशन एजुकेशन के ध्रुव-कैंपस में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श-शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ आरपीएस अधिकारी शिवराज सिंह, मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय एवं डायरेक्टर डॉ स्वाति विजय ने किया। मोशन-कोटा के फाउंडर तथा सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन-कोटा विद्यार्थी हित में निरंतर इस तरह के प्रयास करता है।

इस कैंप के आयोजन के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को मौसमी-बीमारियों से बचाव के

- **कैसे करें मौसमी बीमारियों से बचाव चिकित्सकों ने बताया**
- **जरुरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गई**

विशेष सुझाव दिए गए।

इस अवसर पर कोटा-शहर-ग्रामीण के कक्षा 8वीं से 11वीं के 842 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श नि:शुल्क दिया गया। जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर कैंपस डायरेक्टर देव शर्मा ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञ-चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि बारिश शुरू होने के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी की मार से राहत तो मिली हैं लेकिन मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

मौसम में तापमान में उतार चढ़ाव से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है और लोग सर्दी जुकाम या फ्लू का शिकार हो जाते हैं। बरसात में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ जाता है और इससे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और ज़ीका वायरस जैसी बीमारियां दस्तक देती हैं। टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए का खतरा बढ़ जाता है। जलजनित संक्रमण हैजा होने पर दस्त व डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए दूषित भोजन व पानी से होता है। इनसे बचाव के लिए इम्मून सिस्टम का मजबूत रहना जरूरी है।

इसके लिए सही दिनचर्या का पालन करें, संतुलित आहार लें और रोजाना वर्कआउट करें। बीमार पड़ने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें व पूरी बांह के कपड़े पहनें। आसपास गंदगी जमा न होने दें। बरसात में पानी को उबालकर पीना उचित होता हैं और सीधे नल का पानी न पीएं। स्ट्रीट फूड खाने के बजाय घर का बना भोजन लें। अत्यधिक मसालेदार भोजन का सेवन करने से बचें।

# अंगदान जागरुकता की कार्यशाला आयोजित

**कोटा, (निसं)।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण (आईएस) द्वारा दिए गए आदेशानुसार अब राज्य एवं केंद्र सरकारों, सामाजिक संस्थाओं, अस्पतालों व मेडिकल कॉलेज द्वारा, प्रति वर्ष जुलाई माह में अंगदान जागरूकता के कार्यक्रम किये जा सकेंगे। भारत में पहला अंगदान (ब्रेनडेड व्यक्ति का हृदय प्रत्यारोपण) 3 अगस्त को हुआ था, इसलिये मंत्रालय द्वारा यह भी घोषणा की गयी कि, प्रतिवर्ष 3 अगस्त को राष्ट्रीय अंगदान दिवस मनाया जाएगा। अंगदान महोत्सव के चरण में कोटा में शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा भी जुलाई माह में अंगदान जागरूकता के कार्यक्रम किये जाएंगे साथ ही जन समुदाय को जागरूक करने हेतू कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। यह भी प्रयास किया जा रहा है कि, चिकित्सा विभाग के एवं जिला प्रशासन के अधिकारीयों का भी अंगदान अभियान में सहयोग मिले। हाड़ौती संभाग में नेत्रदान, अंगदान और देहदान के लिए सम्मिलित रूप से कार्यरत संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन, की ओर से राष्ट्रीय अंगदान जागरूकता अभियान के कार्यक्रम "अंगदान महोत्सव" के तहत कल, शनिवार को थेगड़ा, स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंगदान की प्रक्रिया, उपयोगिता और उससे जुड़ी भ्रांतियों के निवारण पर विस्तार से जानकारी दी गयी। गोयल प्रोटीन्स, कसार का भी सहयोग रहा। संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. कुलवंत गौड़ ने बच्चों को खिलौनों का उदाहरण देते हुए बताया कि, यदि बच्चों का प्रिय लगने वाले नए खिलौने का कोई हिस्सा टूट जाता है, तो एक पल के लिये तो, वह नया खिलौना बेकार ही हो जाता है, परंतु कहीं से वह टूटा हिस्सा, किसी और पूरी तरह से बेकार हो गये खिलौने से मिल जाता है, तो से वह नया खिलौना वापस पहले सा हो जाता है।

## डोटासरा का पुतला जलाया

**बून्दी (निसं)।** विगत दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ दिए गए अनर्गल बयान के विरोध में चौगान गेट पर भाजपा नेता तुषार पारीक के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा कानिशाचररूपी पुतला दहन किया गया।

## पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

**कोटा, (निसं)।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आरटीओ के पास विभिन्न तरह के पौधे लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शाखा द्वारा नीम के कुल 31 पौधे ट्री गार्ड के साथ लगाए गए। तथा शाखा के सदस्यों ने उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी ली।

कार्यक्रम संयोजक संदीप पाडिया ने बताया कि विवेकानंद शाखा का वृक्षारोपण कार्यक्रम दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि पेड़ लगाने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसकी लगाने के बाद की जिम्मेदारी है। हम सभी सदस्य अपने लगाए गए पौधे की बड़े होने तक जिम्मेदारी ले, तभी हमारे वृक्षारोपण कार्यक्रम की सफलता है।

# इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की राष्ट्रीय बैठक आज

**कोटा, (निसं)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक साधारण सभा दिल्ली में सोमवार 17 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित की जा रही है। राजस्थान से प्रतिनिधि के रूप में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला सहित 15 सदस्य टीम बैठक में हिस्सा लेंगी।

वार्षिक साधारण सभा में स्टेट वाईस चेयरमैन विजय खत्री जयपुर व कोटा शहर से निदेशक जगदीश जिंदल, महेन्द्र शर्मा व राजेन्द्र जैन भी शामिल रहेंगे।

बिरला ने बताया कि राज्य की विभिन्न मांगों को सभा में पटल पर रखा जाएगा। वार्षिक साधारण सभा में प्रत्येक स्टेट चेयरमैन, वर्षभर रेडक्रॉस के माध्यम से की गई गतिविधियों को विस्तार से प्रकट करेगा।

- **इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला के नेतृत्व में 15 सदस्य दल रवाना**

राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि 17 जुलाई को रेडक्रॉस की राष्ट्रीय प्रेसिडेंट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को वार्षिक साधारण सभा के प्रथम सत्र में उद्‌बोधन करेंगी। द्वितीय सत्र में सांय 4 बजे इंडियन रेड क्रॉस को सोसाइटी के राष्ट्रीय चेयरमैन स्वास्थ्य मंत्री मनसुख डॉ मनसुख मांडविया का उद्‌बोधन होगा। इस बैठक में पैन इण्डिया से रेडक्रॉस के प्रतिनिधि अपने समस्याएं व सुझावों को रखेंगे।

राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि मंगलवार 18 जुलाई को लोकसभा अध्यक्ष ओमकृष्ण बिरला समस्त भारत से दिल्ली आए हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों की बैठक लेंगे। चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि रेडक्रॉस की मांग व संचालन में होने वाली समस्याओं को वार्षिक साधारण सभा में राष्ट्रीय चेयरमैन स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया के समक्ष रखा जाएगा।

बिरला मांगो की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि रेडक्रॉस को वयस्क भारतीय को प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग देनी होती है, 80 करोड़ भारतीय नागरिकों को प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग देने की भारत सरकार घोषणा करें तथा इसे राष्ट्रीय मिशन बनाएं।

प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग देने हेतु 16 घंटे का समय निर्धारित है, वह 16 घंटे की ट्रेनिंग जिला इकाइयों दो दिवस में पूर्ण कर सकती हैं तथा तीसरे दिवस ट्रेनिंग की परीक्षा आयोजित की जा सके इसका प्रावधान बने।

जिन जिला इकाइयों से पूर्ण की हुई ट्रेनिंग के संपूर्ण कागजात राष्ट्रीय कार्यालय को प्राप्त हो चुके हो, उनके प्रमाण पत्र दो माह में प्रिंट होकर पुन: राज्य इकाईयों के पास पहुंचे। संपूर्ण राष्ट्र में प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनिंग का कोर्स एकरूप पढ़ाया जाए और प्राथमिक चिकित्सा की पुस्तकें ही मान्य की जावें। प्रमाण पत्रों को आकर्षक सुंदर बनाए जाए। जिला स्तर पर ब्लड बैंक खोलने की सुविधाएं व अनुमति। देश के कई प्रदेशों में वर्षो आपदा हुई है ऐस में आपदा राहत हेतु प्रत्येक जिला स्तर पर आधुनिक उपकरणों की भिजवाएं जाए।

राजस्थान सरकार

**राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय**

**छबड़ा, बारां Email.ddoggssschhabra@gmail.com-9414014691**

क्रमांक:-राबाउमावि/छबड़ा/2023-24/353 दिनांक : 12.07.2023

**सीमित निविदा विज्ञप्ति**

श्रीमान राज्य परियोजना निदेशक महोदय राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के पत्रांक प.शि./रास्कूलशिप/जय/बा.शि./केजीबीवी/कम्पैन्डियम/3211/19.07.2022 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में केजीबीवी टाईप-04 छबड़ा के लिए आवर्ती/अनावर्ती मद में भोजन की मुख्य सामग्री/स्टेशनरी सामग्री/दैनिक उपयोग की किराना सामग्री/प्रसाधन सामग्री/पोशाक सब्जी/फल/मिठाई/विद्युत उपकरण/बेडिंग आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु संबंधित व्यवसाय में प्रतिष्ठित एवं संस्थापित फर्मो, विक्रेताओं एवं अधिकृत डीलरों से सीलबंद लिफाफों में सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके विस्तृत विनिर्देश संलग्न है। इच्छुक निविदादाता नोटिस चस्पा तिथि से 15वें दिन तक तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में कार्यालय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छबड़ा, बारां/केजीबीवी टाईप-4 छबड़ा अपरान्ह 04.00 बजे तक स्वीकार किया जावेगा।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | निविदा प्रपत्र शुल्क | अमानत/ अग्रधन राशि | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की नियत दिनांक एवं समय | निविदा कार्यालय में जमा करवाने की नियत दिनांक एवं समय | निविदा खोले जाने की नियत दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भोजन सामग्री | 500.00 | 10000.00 | दिनांक 13.07.2023 को प्रातः 10.00 बजे से | दिनांक 27.07.2023 को दोपहर 05.00 बजे तक | दिनांक 27.07.2023 को दोपहर 02.00 बजे से |
| 2 | स्टेशनरी सामग्री | 500.00 | 5000.00 | | | |
| 3 | दैनिक उपयोग की किराना सामग्री | 500.00 | 5000.00 | | | |
| 4 | बेडिंग सामग्री | 500.00 | 5000.00 | | | |
| 5 | फर्नीचर उपकरण | | | | | |
| 6 | विद्युत सामग्री | 500.00 | 5000.00 | | | |
| 7 | सब्जी/फल/मिठाई | 500.00 | 5000.00 | | | |
| 8 | पोशाक सामग्री | 500.00 | 5000.00 | | | |

निविदा संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय राबाउमावि छबड़ा में प्रातः 7.30 बजे से 1.00 बजे तक सम्पर्क करें। सहायता हेतु हैल्पलाईन नम्बर 9414014691 पर सम्पर्क करें।

**(अशोक कुमार यादव)**
प्रधानाचार्य एवं अध्यक्ष
एसडीएमसी राबाउमावि छबड़ा, बारां (राज.)

# पावटा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई मूसलाधार बारिश

## बारिश ने शहर से लेकर देहात तक तबाही मचा दी, गरीबों के कच्चे मकान भी ढह गए



पावटा में मूसलाधार बरसात होने से खेतों में पानी भर गया।

- ‘ऐसी बरसात हमने तो कभी देखी नहीं, इतनी जबरदस्त बरसात 1983 में बरसी थी’
- पशुओं का चारा व किसानों की फसल पानी में डूबी, खेतों में घुटनों से ऊपर तक पानी भरा

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में शनिवार सुबह से शुरू हुई बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। बारिश ने शहर से लेकर देहात तक तबाही मचा दी। गरीबों के कच्चे मकान ढह गए तो खेतों में खड़ी फसल डूब गयी। राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पानी इतना भर गया कि वाहन चालकों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना करना पड़ा।


पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनखड़ ने बताया कि ऐसी बरसात हमने तो कभी देखी नहीं इतनी जबरदस्त बरसात 1983 में बरसी थी। जब से अब तक इतनी जबरदस्त मूसलाधार बारिश कभी नहीं देखी।

गांव दादा का बास, चौबाला, भांकरी, जोधपुरा, मण्डा, बडनगर, वीर तेजाजी नगर, प्रेमनगर, बड़नगर, किराडोद, कल्याणपुरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 14-15 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश से गांव दादाकाबास में हनुमान धनखड का कच्चा मकान गिर गया। जिससे पीड़ित को काफी नुकसान हुआ। पशुओं का चारा व किसानों की फसल पानी में डूब चुकी है तथा खेतों में घुटनों से ऊपर तक पानी है।

पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनखड, वार्ड पंच सरदारमल शेरावत, सुल्तान कसाणा, गाडाराम शेरावत, शिवराम धनखड, हनुमान धनखड, रामेश्वर कसाणा, छाजुराम चनिजा सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आपदा के इस समय में पीड़ितों को राहत दी जाए।

# सांभर का देवयानी सरोवर बारिश के पानी से लबालब

## गंदगी फैलाने से रोकने के लिए नहीं है कोई कार्मिक



सांभर के देवयानी सरोवर में बारिश से जबरदस्त पानी की आवक होने से घूमने आने वाले लोगों का तांता लगा है।

**सांभरझील,** (निसं)। यहां देवयानी सरोवर में विगत दिनों आई बारिश से जबरदस्त पानी की आवक होने से यहां घूमने आने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। कुण्ड भी बारिश के पानी से लबालब हो चुका है, लोग यहां पर नहाने का लुत्फ भी उठा रहे हैं। सरोवर में कमलगट्टे भी तेजी से पनप रहे हैं।

देवयानी सरोवर में अब खिलते कमल सरोवर को चार चांद लगाते हैं जिसे देखने के लिए काफी संख्या में बाहर से भी लोग आते हैं। वर्तमान में सरोवर की साफ-सफाई के प्रति पालिका प्रशासन की ओर से कोई बेहतर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं और न ही यहां सरोवर में गंदगी फैलाने से रोकने के लिए स्थाई रूप से कार्मिक नियुक्त हैं, हालांकि पालिका प्रशासन ने सरोवर की दीवार पर चेतावनी लिखकर अपने कर्तव्य की इतिश्री जरूर कर ली है। लेकिन सरोवर की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए कोई प्रभावी कदम आज तक नहीं उठाए गए हैं।

# पाटोदी प्रधान ने विधायक चौधरी पर लगाया आरोप

- मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम बाडमेर आएगी

**बालोतरा,** (निसं)। बाड़मेर जिले की पाटोदी पंचायत समिति प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के बाद से खींचतान लगातार जारी है। मामला पुलिस, हाईकोर्ट और राष्ट्रीय महिला आयोग के पहुंच चुका है। बीती रात में एक वीडियो सामने आने के बाद रिसोर्ट में जमकर हंगामा हो गया। जिसमें पाटोदी प्रधान ममता प्रजापत और उनके पति जोगेंद्र प्रजापत ने बायतु विधायक हरीश चौधरी पर बीजेपी पंचायत समिति सदस्य कंकुदेवी के दो बेटों को किडनैप करने और खुद के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने आरोप लगाया है। बायतु विधायक हरीश चौधरी ने सभी आरोपों को सिरे खारिज करते हुए कहा कि कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। इस दौरान शिविर में आकर प्रधान पति ने हंगामा किया। जान बूझकर झूठे आरोप लगाकर कुर्सी बचाने की कोशिश की जा रही है। इसी मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम आज बाडमेर आएगी। रिसोर्ट में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

बीती रात को सोशल मीडिया पर पंचायत समिति सदस्यों का एक वीडियो सामने आया था जो जसोल रिसोर्ट बताया जा रहा है। वीडियो आने के बाद पाटोदी प्रधान ममता प्रजापत और उनके पति जोगेंद्र प्रजापत और बाडेबंदी में चल रही कंकुदेवी के बेटों के साथ वहां पर पहुंचे। इस दौरान रिसोर्ट में हंगामा हो गया। पाटोदी प्रधान ममता प्रजापत का कहना है कि कंकुदेवी के बेटों को विधायक हरीश चौधरी और उनके समर्थक अपहरण कर ले गए हैं। प्रधान पति जोंगेद्र प्रजापत ने कहा कि मेरे साथ मारपीट की गई है और मुझे जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

रिसोर्ट के वीडियो में प्रधान पति जोगेंद्र रिसोर्ट से बाहर निकल रही गाडयिों को रोक कर चेकिंग करने की गुजारिश करते नजर आ रहे हैं। उनका कहना था कि अपनी मां से मिलने आए बेटों को भी कार में किडनैप करके ले जाया जा रहा है। वे पुलिस से कहते नजर आ रहे हैं कि आप चेक क्यों नहीं कर रहे। प्रधान और उनके पति कंकू देवी के बेटों सहित जसोल रिसोर्ट में पहुंचने का कारण एक वीडियो बताया जा रहा है। जिसमें अन्य पंचायत समिति सदस्यों के साथ कंकू देवी भी बैठी हैं और सदस्य कहते नजर आ रहे हैं कि हमें किडनैप नहीं किया गया है। हम अपनी मर्जी से यहां हैं। ये वीडियो देखने के बाद प्रधान और उनके पति कंकू देवी के बेटों सहित यहां जसोल रिसोर्ट में आकर हंगामा करने लगे।

बायतु विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि जसोल रिसोर्ट में कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। सुबह से यहां पर करीब 500 से अधिक कार्यकर्ता शिविर में हैं। जानबूझकर यहां पर आकर प्रधान पति ने विवाद पैदा किया। हरीश चौधरी ने कहा कि बीजेपी अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई है। कांग्रेस ने अभी तक यह तय नहीं किया कि अविश्वास प्रस्ताव में भाग लेंगे या नहीं लेंगे। कांग्रेस तो अविश्वास प्रस्ताव लेकर नहीं आई है। अगर अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाता है तो प्रधान का चार्ज भी बीजेपी के पंचायत समिति सदस्य को ही मिलेंगा। कांग्रेस प्रत्याशी को प्रधान का चार्ज नहीं दिया जाएगा। बीजेपी अपनी असफलता के पीछे विवाद उत्पन्न करना चाहती है। इसी के चलते मुझ पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

# 28 जुलाई को नागौर के खरनाल में पी.एम. मोदी की सभा

- हनुमान बेनीवाल के गढ़ में पीएम मोदी की दस्तक
- नौ करोड़ किसानों को सम्मान निधि भी मिलेगा
- तेजाजी महाराज के जन्म स्थल पर पूजा अर्चना भी करेंगे मोदी

**मकराना,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वर्ष 8वीं बार राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार पीएम मोदी 28 जुलाई को नागौर के खरनाल में एक सभा को संबोधित करेंगे तथा देश के 9 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 18 हजार करोड़ रुपए की सम्मान निधि ट्रांसफर करेंगे। पीएम का खरनाल दौरा दो कारणों से महत्व रखता है।

खरनाल को ही जाट समुदाय के आराध्य देव तेजाजी महाराज का जन्म स्थल माना जाता है। यही वजह है कि प्रदेश और देश के जाट समुदाय में खरनाल के प्रति गहरी आस्था है। पीएम मोदी की खरनाल के तेजाजी मंदिर में पूजा अर्चना भी करेंगे।

नागौर के जाट समुदाय के नेता अमर चंद जाजड़ा ने बताया कि पीएम मोदी के खरनाल आने से जाट समुदाय में भारी उत्साह है। यह पहला अवसर है जब देश के प्रधानमंत्री जाट समुदाय के आराध्य देव तेजाजी के जन्म स्थल पर आ रहे हैं। पीएम के दौरे की तैयारियों को लेकर 15 जुलाई को केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी भी खरनाल का दौर कर रहे हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार नागौर के खरनाल में पीएम मोदी की सभा करवाने में नागौर के पूर्व भाजपा सांसद सीआर चौधरी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चौधरी ने खरनाल के धार्मिक महत्व के बारे में पीएमओ में बताया था। पीएम की सभा का राजनीतिक महत्व भी है, क्योंकि नागौर को आरएलपी के संयोजक हनुमान बेनीवाल का गढ़ माना जाता है।

मौजूदा समय में खुद हनुमान बेनीवाल नागौर से सांसद है और नागौर के खींवसर विधानसभा क्षेत्र से उनके भाई नारायण बेनीवाल विधायक हैं। खरनाल गांव खींवसर विधानसभा क्षेत्र में ही आता है। हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा का पिछला चुनाव भाजपा के समर्थन से ही जीता था, लेकिन राजनीतिक टकराव के बाद बेनीवाल अलग हो गए और अब अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं। चूंकि बेनीवाल का जाट समुदाय के युवाओं में खास प्रभाव है, इसलिए पीएम मोदी की सभा को बेनीवाल के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

किसान सम्मान निधि को ट्रांसफर करने का कार्यक्रम केंद्रीय कृषि और फर्टिलाइजर मंत्रालय का है, लेकिन सभा में भीड़ जुटाने का काम भाजपा के नेताओं का है। यही वजह है कि भाजपा नेता भी सक्रिय हो गए हैं। पीएम की सभा के लिए निकटवर्ती जिले अजमेर, जयपुर बीकानेर, जोधपुर, सीकर आदि से तीन लाख लोगों को एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# युवक का शव मिला



मृतक युवक

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के बाईपास खेड़ी जाजोद रोड पर रविवार को सड़क किनारे हरी घास में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने शव को देखकर आसपास के लोगों को सूचना दी। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई और वहीं आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर शव को अपने कब्जे में लेकर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर की मोर्चरी में रखवाया और शिनाख्त के प्रयास किए।

हेड कांस्टेबल अमर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त ढाल्यावास निवासी नरेंद्र उर्फ नवीन शर्मा पुत्र बाबूलाल शर्मा उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि नरेंद्र श्रीमाधोपुर गौशाला रोड पर एक चप्पल-जूते की दुकान पर कार्य करता था और रात्रि में बाइक लेकर वह दुकान से चला गया था। रात्रि में किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी जिसके बाद वह बेहोशी की हालत में सड़क किनारे गहरी हरे घास होने के चलते उसमें बेहोशी की हालत में रात भर पड़ा रहा और उसके सर में चोट लगने के चलते काफी खून बह जाने से उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# गर्भवती महिला से मारपीट

**टोंक,** (निसं)। पीपलू थाना क्षेत्र के डोडवाड़ी गांव में महिला से की गई मारपीट के चार दिन बाद भी उसका मेडिकल मुआयना नहीं किया गया है। इसके चलते आरोपी बेखौफ घूम रहे हैं। पीड़िता को न्याय नहीं मिल रहा है, वह अभी सआदत अस्पताल में भर्ती है। उधर इस मामले को लेकर भीमसेना जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा ने अस्पताल पहुंचकर पीड़िता के हालचाल जाने और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है।

पीड़िता डोडवाड़ी निवासी पूजा (25) पत्नी मुकेश बैरवा 12 जुलाई को दोपहर को बकरा लेकर खेत पर चराने जा रही थी। इस दौरान रास्ते में भोजराज पप्पू बैरवा ट्रेक्टर लेकर आते मिले। इन्होंने राजकीय बालिका स्कूल के सामने रुकवा लिया और पूजा के साथ बिना कारण बताए लात घूंसों से मारपीट की। बाद में पूजा को परिजनों ग्रामीण पीपलू अस्पताल ले गए। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर टोंक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इसका मामला दर्ज कर जांच कर दी है, लेकिन अभी तक भी उसका मेडिकल मुआयना नहीं करवाया है। तत्कालीन पीपलू थाना प्रभारी कुसुमलता ने बताया कि इसका मामला दर्ज कर लिया है। फिर में वहां से अन्य जगह ट्रांसफर होकर चली गई।

# धर्मांतरण का प्रयास करने का मामला दर्ज

## नाबालिग का अपहरण कर छेड़छाड़ करने आदि का मामला

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे में नाबालिग का अपहरण कर छेड़छाड़ करने, धर्म परिवर्तन करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस थाना में पोक्सो एक्ट सहित अनेक धाराओं में दर्ज हुआ है।

जानकारी के अनुसार नाबालिग के पिता ने मामला दर्ज करवाया कि पिछले तीन माह से मेरी पुत्री को आमीर खान सौलकी लगातार तंग तथा मेरी नाबालिग पुत्री को धर्म परिवर्तन करने पर मजबूर करता चला आ रहा है और मेरी पुत्री पर धर्मान्तरण करने हेतु लगातार दबाव बनाता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से दोपहर के समय मेरी पुत्री को आमीर खान एक निजी विद्यालय के पास स्थित सुनसान नोहरे में बुलाता चला आ रहा है। मेरी पुत्री द्वारा विरोध करने पर आमीर खान मुझे व मेरी नाबालिग पुत्री को जान से मारने की धमकीयां दे रहा है। शनिवार की दोपहर मेरी पुत्री मेरे घर पर नही मिलने पर उसकी आस पास काफी तलाश की लेकिन नहीं मिली। तब मेरे किसी जानकार ने फोन पर बताया कि तुम्हारी पुत्री मेने निजी विद्यालय के पास नोहरे में देखा। जिस पर मैं एवं जानकार व्यक्ति सुनसान नोहरे में पहुंचा तो मैनें मेरी पुत्री को नाहरों के नोहरे में आमीर खान के साथ देखा।

मुझे देखते ही आमीर खान मेरी पुत्री को साथ लेकर अपने घर की तरफ भाग गया। तब मैं और मेरे साथ मेरा जानकार व्यक्ति उनका पीछा करते हुये उनके घर जाने पर देखा तो आमीर खान के माता पिता मेरी पुत्री पर धर्मान्तरण करके आमीर खान से शादी करने का दबाव बना रहे थे और उसको डरा धमका रहे थे, कि ऐसा नहीं करने पर जान से मार देंगे। मैं व मेरा जानकार व्यक्ति उनके घर से जैसे-तैसे अपनी पुत्री को उन लोगो के चंगुल से छुड़वाया और अपने घर लेकर आये। पुलिस ने नाबालिग के पिता की रिपोर्ट पर धारा 354,366,506,34 व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# ई.ओ. भर्ती परीक्षा रिश्वतकांड में आरपीएससी चेयरमैन चुप्पी तोड़े : देवनानी

- ‘बिना आयोग की मिलीभगत के केसावत रिश्वत की इतनी बड़ी रकम कैसे ले सकता है’

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने आरपीएससी की ईओ भर्ती परीक्षा में पास करवाने की एवज में रिश्वत लेते पकड़े गए कांग्रेस नेता गोपाल केसावत मामले में आयोग अध्यक्ष से अपनी चुप्पी तोड़ने के लिए कहा है। देवनानी ने कहा कि आरपीएससी का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है लेकिन पिछले साढ़े चार साल के दौरान पेपर लीक और पैसे लेकर पास कराने के काले कारोबार ने इसकी छवि को खराब कर दिया है। देवनानी ने कहा कि बिना आयोग की मिलीभगत के केसावत रिश्वत की इतनी बड़ी रकम कैसे ले सकता है।

देवनानी ने आरपीएससी अध्यक्ष की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि आयोग में एक के बाद काले कारनामे सामने आ रहे है और अध्यक्ष मुंह पर ताला लगाए बैठे हैं। आयोग के मुखिया होने के नाते उनकी जवाबदेही बनती है कि वे इन मामलों पर जवाब दें और अगर ऐसा नहीं करते हैं तो फिर नैतिकता के आधार पर उन्हें पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है और तत्काल अपना इस्तीफा दें। देवनानी ने कहा कि आयोग में भ्रष्टाचार बढ़ता ही जा रहा है और पेपर लीक के बाद अब भर्ती परीक्षाओं में पास कराने का खेल भी चल पड़ा है।

देवनानी ने सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आरपीएससी में बैठे इन रिश्वतखोरों के मददगारों के नाम भी उजागर करने की मांग की। देवनानी ने कहा कि घर का भेदी ही लंका ढहाता है और आरपीएससी में भी पिछले कुछ समय से ऐसा ही हो रहा है। देवनानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार 60 फीसदी कमीशन वाली सरकार है जिसे जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और बस केवल कमीशन के खेल में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि आरपीएससी में व्यापत गड़बड़झाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर 18 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की और से युवा आक्रोश महाघेराव किया जायेगा। इसके प्रदेशभर से युवा अजमेर में एकत्रित होंगे और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय से आरपीएससी तक पैदल मार्च कर महाघेराव किया जाएगा।

# सड़क किनारे से उतरी रोडवेज बस, हादसे में 65 यात्री बाल-बाल बचे

- सलूंबर से अहमदाबाद जा रही थी रोडवेज बस
- इस दौरान कुछ सवारियों के एक दूसरे के ऊपर गिरने से मामूली चोटें आई
- घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए



तीजवड मोड़ के पास सड़क किनारे से नीचे उतरी रोडवेज बस।

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बस बेकाबू होकर सडक किनारे धस गई लेकिन गनीमत रही कि, बस पलटने से बाल-बाल बच गई ओर बस में सवार 65 यात्रीयों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार रविवार प्रातः सलुंबर से अहमदाबाद जा रही रोडवेज की एक बस अचानक तिजवड के पास बेकाबू होकर सड़क किनारे नाले में उतर गई। लेकिन हादसे में बस पलटने से बाल-बाल बच गई। इस दौरान कुछ सवारियों के एक दूसरे के ऊपर गिरने से मामूली चोटें आई। वहीं बस के शीशे भी टूट गए। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

घटना के बाद डूंगरपुर से रोडवेजकर्मी, पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकालकर डूंगरपुर अस्पताल लेकर गए, जहां घायलों का इलाज करवाया गया। जिसके बाद सवारियों को दूसरी बस से रवाना किया।

उल्लेखनीय हैं कि डूंगरपुर आगार प्रबंधक व वर्कशॉप की अनदेखी के चलते रोडवेज की बसों का बीच राह में रूक जाना आम बात हो गई हैं और इसी के चलते आमजन को राज्य सरकार की महिलाओं को दी जाने वाली 50 प्रतिशत राहत का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। आलम तो यह हैं कि रोडवेज बेडे में 50 प्रतिशत से अधिक बसें नकारा सी हैं और इसी के चलते निजी वाहनधारी छोटे मार्गों पर आमजन से मनमाना किराया वसूल करते है।

इस संबध में जिला परिषद की बैठकों में भी सदस्यों द्वारा रोडवेज की अव्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन प्रशासन भी आमजन की सुविधा को लेकर सजग नहीं हैं और इसके चलते जब भी कोई रोडवेज बस बीच राह में खराब होती हैं तो सोशल मीडिया पर राज्य सरकार की किरकिरी होती है।

# बीलवा के चंदन वन में भाजपा की सभा, कांग्रेस सरकार का फेल कार्ड जारी किया

## राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने की 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान की शुरुआत, वीरांगनाओं का सम्मान किया

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बीलवा स्थित चंदन वन में सभा को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नहीं सहेगा राजस्थान अभियान की शुरुआत की। इस दौरान कांग्रेस सरकार का फेल कार्ड जारी किया। वहीं इस दौरान वीरांगना मंजू जाट, मधुबाला मीणा का भी सम्मान किया गया। इस दौरान नड्डा ने नहीं सहेगा राजस्थान की महा रैली को सम्बंधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अशोक गहलोत की सरकार नही, ये लोगों के घर को लूटकर अपने विधायकों को मजबूत करने का काम कर रही है। नड्डा ने यूपीए का मतलब बताते हुए कहा कि यूपीए मतलब उत्पीड़न, पक्षपात, अत्याचार करने वाली सरकार है। पाकिस्तान से आए हुए शरणार्थियों पर कांग्रेस सरकार बुलडोजर चलती है ओर रोहिग्यों को शरण देकर उनके आधार कार्ड बनते हैं।

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने वीरांगनाओं को नौकरी देने का वादा किया लेकिन सरकार ने उनका अपमान किया। भाजपा ने इन वीरांगनाओ का सम्मान करती है। नड्डा ने कहा कि देश मे परिवारवाद को बढ़ावा देने के काम किए। अब इन नेताओं की परिवार की पार्टी रह गई है। ये अपने परिवारों को बचाने के लिए एलाइंस करते हैं। ये परिवार की पार्टियां हैं ये अपने परिवार को बचाने के काम कर रहे हैं। देश को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा की सरकार को बनाना है।

उन्होने कहा कि ये सरकार जनता पर अत्याचार कर कुशासन लाने वाली सरकार है। इस सरकार को एक मिनिट भी रहने का अधिकार नही है। नबम्बर में उखाड़ फैंकना है। भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड बनाने वाली सरकार, दलित, महिलाओं, किसानों, युवाओ पर अत्याचार करने वाली सरकार है। इस अभियान के मध्यम से भाजपा दो करोड़ लोगों तक पहुचेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त, विकास युक्त सरकार लाएंगे। प्रदेश में लगातार गैंगरेप हो रहे हैं, रक्षक ही भक्षक बन गए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा आज 'नहीं सहेगा राजस्थान' कैंपेन के द्वारा राजस्थान से इस मुगलिया प्रेमी सरकार को उखाड़ फैंकने की शुरूआत हो रही है। देश में भाजपा की मोदी सरकार है जिसने जो कहा करके दिखाया। कांग्रेस जो साठ सालों में नहीं कर सकी वह मोदी सरकार ने नौ सालों में कर दिखाया। सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। कांग्रेस के पूर्व राज्यमंत्री गोपाल केसावत को एसीबी ने 18 लाख रुपए लेते हुए पकड़ा है, इससे पहले बाबूलाल कटारा जो आरपीएससी के मेंबर बने, उनकी गिरफ्तारी के समय वह कह चुके हैं कि उन्होंने डेढ़ करोड़ रुपए इस पद के लिए दिए थे। डीपी जारोली को जब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाया गया, तब उन्होंने कहा था कि मैं तो छोटा मोहरा हूं, डोर ऊपर वालों के हाथ में है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ विधायक विधान सभा में इसलिए नहीं आ रहे क्योंकि उनकी कोई सुन ही नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जिस सरकार में सत्ता पक्ष के विधायक की ही सुनवाई न हो, उसमें आम जन की कौन सुनेगा? राजे ने प्रधानमंत्री को फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा दिए गए सर्वोच्च पुरस्कार के लिए बधाई दी।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि नहीं सहेगा राजस्थान की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करने आए है। अब दो महीनों के बाद प्रदेश आचार संहिता लग जाएगी। प्रदेश में कोई न कोई ऐसी घटना होती हैं जो जखझौर देती हैं। इस सरकार में रक्षक ही भक्षक बन जाते है। पुलिस माफिया से रोज पिटती हैं पुलिस माफिया के सामने नतमस्तक हैं। 5 लाख गायो की मौत हुई लेकिन 40 हजार को पैसे देकर इरिशीरी कर लेते हैं। जहां सचिवालय में की अलमारी में फाइलें रखी जाती हैं वहां पैसे ओर सोने के बिस्किट मिलते हैं। रोजना भ्रष्टाचार हो रहा हैं।

उपनेता प्रतिपक्ष व भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि, राजस्थान में हिन्दुस्तान की सबसे ज्यादा बेरोजगारी 28 प्रतिशत और उस पर पेपर लीक का दंश, यह राजस्थान के नौजवानों को सड़क पर आने के लिये उद्वेलित करता है। एक-एक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर कांग्रेस पार्टी की सरकार की सारी नाकामियों के खिलाफ ऐसा प्रचंड आंदोलन खड़ा करेगा कि अगस्त में जयपुर की सड़कों पर आंदोलनकारी नरमुंडों के सिर ही सिर दिखाई देने चाहिये।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त कांग्रेस नेता पैसे में साथ पकड़े हैं उनकी राहुल गांधी, अशोक गहलोत के साथ फोटो है। आरपीएसी को लूट का अड्डा बना दिया है।

सभा को जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, सांसद सुखवीर सिह जौनपुरिया, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, अरुण चतुर्वेदी ने संबोधित किया। नड्डा के साथ वसुंधरा राजे, सीपी जोशी, राजेन्द्र राठौड़, अरुण सिंह, अर्जुन मेघवाल, विजया राहटकर, अशोक परनामी, राज्यवर्धन सिंह, घनश्याम तिवाड़ी, राजेन्द्र गहलोत, नितिन पटेल, सतीश पूनियां, अलका गुर्जर, रामचरण बोहरा, अरुण चतुर्वेदी को स्थान मिला।




**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बीलवा स्थित चंदन वन में सभा के दौरान कांग्रेस सरकार का फेल कार्ड जारी किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहे।**

- **मुख्यमंत्री में थोडी बहुत भी इंसानियत होती तो इतने काले कारनामें के बाद खुद ही कुर्सी छोड़ देते : सीपी जोशी**
- **कांग्रेस सरकार में रक्षक ही भक्षक बने हैं : राजेन्द्र राठौड़**
- **अगस्त में भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार की नाकामियों के खिलाफ प्रचंड आंदोलन करेंगे : सतीश पूनिया**

## झलकियां...

♦ भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा में आए ग्रामीण महिलाओं ग्रामीण परिवेश में नाचते गाते सभा में पहुंची। सभा में महिलाओं के लिए अलग ही बैठने की व्यवस्था की गई थी।

♦ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा में ग्रामीण नाचते गाते पहुंचे। इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष रामानंद गुर्जर भी ग्रामीण राजस्थानी वादन अलगोजा वादन करते हुए नजर आए। इन ग्रामीणों के साथ अलगोजा वादन के दौरान काफी भीड़ देखने को उमड़ पड़ी।

# ई.ओ.परीक्षा रिश्वत मामले में आर.पी.एस.सी को क्लीन चिट दी एसीबी ने

## अब तक की जांच में आरोपियों के साथ आर.पी.एस.सी. के किसी भी स्तर के व्यक्ति की भूमिका सामने नहीं आई है : हेमन्त प्रियदर्शी

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने अधिशासी अधिकारी भर्ती परीक्षा में पास करवाने व ओ.एम.आर. शीट बदलवाने के लिए 25 लाख रुपए की रिश्वत के मामले में आर.पी.एस.सी. को क्लीन चिट देते हुए कहा है कि इस परीक्षा में अभी तक की जांच में कोई गड़बड़ी होना सामने नहीं आया है।

एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने शनिवार को जयपुर के झालाना स्थित एसीबी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि मामले में साढ़े 18 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए आरोपी घुमंतू बोर्ड के पूर्व चेयरमैन गोपाल केसावत, अनिल कुमार धरेन्द्र, ब्रह्मप्रकाश और रविन्द्र शर्मा को एसीबी ने रविवार को मजिस्ट्रेट के घर पेश किया। एसीबी ने चारों आरोपियों का रिमांड नहीं मांगा तो मजिस्ट्रेट ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

उन्होंने आर.पी.एस.सी को क्लीन चिट देते हुए कहा कि इस प्रकरण में आयोग का किसी भी स्तर का व्यक्ति शामिल नहीं हैं। वहीं इस परीक्षा में कही भी कोई गड़बड़ी होने की बता सामने नहीं आई है। एडीजी ने कहा कि अभी तक यह ठगी का मामला है और ठगी लोकसेवक के जरिये काम करवाने के लिए की गई।

एडीजी ने बताया कि परिवादी ने एफआईआर में एक महिला आरपीएससी सदस्य मंजू शर्मा के नाम का जिक्र किया है, हालांकि केसावत और उससे जुड़े हुए लोगों की उससे कोई पहचान नहीं हैं। केसावत और उसके साथियों के खिलाफ अभी एसीबी जांच कर रही है। उन के बैंक खातों की जानकारी अभी तक एसीबी के पास नहीं है। उस पर काम किया जा रहा है। वहीं अब तक चारों आरोपियों की मोबाइल चैट और फोन कॉल से जो जानकारी मिली उससे पता चला है कि इन का आर.पी.एस.सी. के किसी मेंबर से कोई सम्पर्क नहीं रहा है। प्रियदर्शी ने बताया कि गोपाल केसावत के किसी भी सरकारी व्यवस्था के आदमी से संबंध नहीं थे। अभी केसावत और अन्य तीनों आरोपियों के बैंक खाते और कॉल खंगाली जा रही हैं। उनकी जांच पूरी होने पर अगर एसीबी को लगेगा तो वह आरोपियों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लेगी। उन्होंने कहा कि आरोपियों द्वारा ओएमआर शीट बदलवाने की बात गलत है। वहीं अभी तक यह भी सामने नहीं आया है कि इन लोगों से परीक्षा में पास करवाने के लिए किसी और अभ्यर्थी ने संपर्क किया हो।

हालांकि उन्होंने स्पष्ट नहीं बताया कि एसीबी की रडार पर आए कांग्रेस नेता गोपाल केसावत सहित गिरफ्तार चारों आरोपी आपस में कैसे मिले। वहीं इस गैंग का सरगना कौन है जिसने 25 लाख रुपए परीक्षा पास कराने के एवज में मांगे। इसके अलावा आर.पी.एस.सी की दो महिला सदस्य का नाम केसावत ने किस कारण से लिया, क्या मंजू शर्मा और केसावत कभी आयोग के कार्यालय में मिले। एसीबी को इस पूरी कार्रवाई में एसीबी के पास पैसा लेने के अलावा और कोई सबूत नहीं मिले जिस के आधार पर केसावत या अन्य को रिमांड पर लिया जा सके। परिवादी ने बताया कि उसने आरोपियों को कहा कि उसकी बहन ने भी पेपर दिया है, जिस पर आरोपियों ने बताया कि वह तो पेपर के दिन एबसेंट थी। ये जानकारी आरोपियों तक कैसे पहुंची इस बात का भी एसीबी अधिकारी पूरी तरह से जबाव नहीं दे पाए।



**एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने शनिवार को जयपुर के झालाना स्थित एसीबी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।**

- **एसीबी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में परीक्षा में कोई गड़बड़ी होना नहीं पाया गया है और यह पूरा मामला ठगी का है।**
- **एसीबी ने चारों आरोपी पूर्व राज्यमंत्री गोपाल केसावात, अनिल कुमार, ब्रह्मप्रकाश और रविन्द्र शर्मा को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें 15 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।**

# जयपुर शहर कांग्रेस की कमान आर.आर. तिवारी को सौंपी

**जयपुर, (का.प्र.)।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय रामचन्द्र जी का मंदिर, सिरहड्योढी बाजार में आयोजित पदभार कार्यक्रम मे निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह खाचरियावास ने जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी को पदभार ग्रहण करवाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एआईसीसी की सचिव व राजस्थान सह-प्रभारी अमृता धवन ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेसजनों को राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का आ ान किया और आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुटता के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस की सरकार पुनः प्रदेश में बनाने का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष आर.आर. तिवाडी ने पदभार ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता को जयपुर शहर में जिलाध्यक्ष का पद देकर स्पष्ट किया है कि कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं को सर्वोपरि रखती है और पार्टी में रीढ़ की हड्डी की तरह काम करने वाले कार्यकर्ता का सम्मान करती है। उन्होंने राष्ट्रीय नेताओं सहित मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आने वाले समय में जयपुर शहर की समस्त आठ विधानसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी का विधायक बनाने हेतु सभी कांग्रेस कार्यकर्ता संगठित होकर कार्य करेंगे।

कार्यक्रम को हवामहल विधायक मंत्री डॉ. महेश जोशी, विधायक अमीन कागजी, विधायक रफीक खान, विधायक गंगा देवी, विधायक प्रत्याशी डॉ. अर्चना शर्मा, पूर्व सांसद अश्क अली टाक, जयपुर हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव गिरिराज गर्ग, विप्र कल्याण बोर्ड सदस्य सीताराम शर्मा नेहरू, राजस्थान प्रदेश ओबीसी विभाग के अध्यक्ष हरसहाय यादव, पूर्व महापौर विष्णु लाटा, रामेश्वर नेताजी आदि नेताओं ने संबोधित किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सुनील शर्मा, संजय बापना, असगर अली, जाकिर बुलंद, रानी लुबना, रामावतार अग्रवाल, युगल किशोर शर्मा बबलेश सहित जयपुर शहर के सभी वर्तमान व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

- **लंबे समय बाद जयपुर शहर कांग्रेस में दिखी रौनक, बड़ी संख्या में पुराने कांग्रेसी जुटे**

# 'जोधपुर गैंगरेप मामले में भाजपा नेताओं ने अपराधियों को सजा दिलाने की मांग क्यों नहीं उठाई'

**जयपुर, (का.प्र.)।** समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष कांग्रेस नेता अर्चना शर्मा ने कहा है कि राजस्थान में महिला उत्पीड़न के मामले हमारी सरकार ने गंभीरता से लिए हैं। वहीं उन्होंने महिला उत्पीड़न के मामलों में राजस्थान में कमी आने का दावा करते हुए विपक्षियों की ओर से गलत आंकड़े पेश करने का आरोप भी लगाया।

अर्चना शर्मा ने जोधपुर के जय नारायण विश्वविद्यालय में हुई घटना पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि जोधपुर में नाबालिग के साथ में रेप की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 180 मिनट में ही आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

अर्चना शर्मा ने कहा कि इस घटना ने भाजपा की पोल खोल दी है और इससे साबित हुआ कि भाजपा दलित विरोधी है।

अर्चना शर्मा ने आरोप लगाया कि जोधपुर में यह घटना हुई, जहां के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत जल्दबाजी तरीके से हर घटनाओं पर ट्वीट करते हैं। अपनी प्रतिक्रिया देते हैं लेकिन इस घटना पर उनकी चुप्पी संदेहास्पद है, क्योंकि इसमें पीड़ित दलित है।

# रक्षा भंडारी ने कार्यभार संभाला

**जयपुर।** महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा और महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एंव पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष तारा भंडारी उपस्थित रही।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महिला मोर्चा आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश की नाकारा गहलोत सरकार को उखाड फेंकने में अहम भूमिका निभाएगा। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि पांच महत्वपूर्ण विषयों पर आपको ध्यान देना होगा।

# पड़ौसी के कुत्तों ने दो बच्चियों पर हमला किया

**जयपुर।** सोडाला इलाके में दो नाबालिग बहनों पर कुत्तों ने हमला कर दिया। घर के बाहर दोनों बहनों के पैर को कुत्तों ने दांतों से नोंच डाला। दर्द से चीखकर शोर मचाने पर कुत्ते छोड़कर भाग निकले। पडौसी के पालतू कुत्तों को खुला छोड़ने से दो बार अटैक करने पर पीड़ित ने सोडाला थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि हरिमार्ग सिविल लाइन निवासी पप्पू पटेल (32) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनके पडौसी रामप्रकाश यादव ने 4-5 कुत्ते पाल रख है।

वह इन कुत्तों को खुला छोड़ देते है, इसके बाद कुत्ते आसपडौस के लोगों को काटने के लिए दौड़ते है। रामप्रकाश को कुत्तों को बांधकर रखने की कहने पर नाराज हो गए। 20 जून को शाम बेटी कोमल (10) घर से बाहर निकली। तभी पडौसी ने कुत्तों को छोड़ दिया।

# गांधीवन में वन महोत्सव का आयोजन

**जयपुर।** अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा रविवार को ग्राम भारती समिति के पर्यावरण केन्द्र गांधीवन में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। फोरम के 11 सदस्यीय दल ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 101 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इसी कार्यक्रम अन्तर्गत 5000 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भाग चंद जैन मित्रपुरा, सुनील काला मंत्री, अशोक जैन आईसीआईसीआई बैंक, निहाल चंद जैन, मुकेश पांड्या, कमल चंद जैन सेवावाले, जितेंद्र जैन, कैलाश चंद जैन, सुरेश जैन, सुरेश बज सहभागी रहे। एन के सेठी का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। सुदीप कौर आईएफएस, जेडीए का पौधे उपलब्ध करवाने में अपेक्षित सहयोग रहा। 30 वर्षो से लगातार गांधीवन नर्सरी में भी पौधे तैयार किये जा रहे हैं। ग्राम भारती समिति की सचिव कुसुम जैन बताया कि प्रातः 11 बजे सभी गांधीवन में उपस्थित हुये एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ गांधी की प्रतिमा के समक्ष किया गया।

## गलताजी परिसर का होगा जीर्णोद्धार

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा आमजन के लिए विभिन्न सुविधाएं विकसित करने के कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के गलता पीठ मंदिर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

साथ ही, गलता गेट के पास सामुदायिक केन्द्र और दिल्ली रोड स्थित नाग तलाई नाले का भी जीर्णोद्धार होगा।

# वेटनरी डॉक्टर पर सोते समय तेजाब फेंका

**जयपुर (कासं)।** प्रताप नगर थाना इलाके में ससुराल आए वेटनरी डॉक्टर और उसकी पत्नी सोते समय किसी अज्ञात ने तेजाब फेंक दिया और फरार हो गया। झुलसी अवस्था में पति पत्नी को उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल भिजवाया। मेड्किल सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की सहायता से सबूत जुटाए और अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज उसकी तलाश शुरू की। थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रताप नगर सेक्टर 19 निवासी विष्णु पंचाल (22) और उसकी पत्नी सोनी (20) की एक साल पहले ही शादी हुई थी। करीब दस दिन से उसकी पत्नी पीहर में ही थी। पीडित विष्णु पंचाल अपनी पत्नी के पास आया हुआ था और करीब एक बजे वह अपनी पत्नी के साथ कमरे में सो रहा था। तभी किसी ने खिड़की से दोनो पर तेजाब फैंक दिय। दोनो झुलसी अवस्था में जोर जोर से चिल्लाने लगे। परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो तेजाब कांड की जानकारी मिली। दोनों को झुलसी हालत में तुरंत महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

विष्णु का चेहरा और पीठ झुलस गई, जबकि पत्नी के हाथ-पैर पर तेजाब गिरा है। झुलसे विष्णु को एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ तेजाब फेंकने वाले की तलाश कर रही है।

# विश्व स्तरीय टाइगर फोटो प्रदर्शनी-प्रतियोगिता 29 से

**जयपुर, (का.सं.)।** हमें आज बाघ, वन्यजीव एवं वनों को संरक्षित करना होगा, देश में जो टाइगर की स्थिति है उसे देखकर सरकारों के साथ साथ आमजन को भी जागरूक करने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो राष्ट्रीय पशु लुप्त हो जाएगा। देश में बाघों के प्रति अवेयरनेस के लिये जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) की ओर से इंटरनेशनल टाइगर डे 29 जुलाई से 1 अगस्त तक जयपुर के जवाहर कला केंद्र में एक टाइगर फोटोग्राफी एग्जिबिशन एवं प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

इस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता के पोस्टर का लोकार्पण गत रविवार बॉलीवुड स्टार गोविंदा द्वारा किया गया।

जेटीएफ के सचिव, आशीष बैद ने बताया कि प्रदर्शनी में देश विदेश से वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बाग के विभिन्न फोटोग्राफी प्रदर्शित करेंगे जिसके एंन्ट्री की अंतिम तारीख 18 जुलाई दी गयी है।

सदस्य राज्य वन्यजीव बोर्ड राजस्थान एवं जेटीएफ संस्थापक-संरक्षक धीरेंद्र के गोधा ने बताया कि प्रर्दशित फोटोग्राफी केवल और केवल आम जन में हमारे राष्ट्रीय पशु बाघ के बारे में जगरुखता लाने का एक प्रयास है। प्रदर्शनी में भारतीय वन सेवा अधिकारी, सुदर्षन षर्मा और रक्षा संस्था एन जी ओ के फॉउंडर, रोहित गंगवाल द्वारा चयनित फोटोग्राफ प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी में टाइगर जंगल में कैसे रहते हैं, कैसे शिकार करते हैं, कैसे अपने बच्चों को पालते हैं और बागों की विभिन्न अठखेलियां दर्शकों को प्रस्तुत करेगी।

संस्था के ट्रस्टी आनंद अग्रवाल ने बताया कि 3 दिवसीय एग्जिबिशन राजस्थान वन विभाग के सहयोग से की जा रही है। प्रदर्शनी में कई संस्थाओं का सहयोग है जिसमें एस्ट्रल पाइप्स प्रमुख है व होटल क्लार्क्स आमेर और होटल द फ़र्न हैं। प्रतियोगिता के लिए 4 सदस्य जूरी बनाई गई है जिसमें विश्व के नामचीन नाम शमिल हैं जैसे विश्व के नामचीन नाम जैसे 5 बार राष्ट्रपति अवार्ड विजेता एस नल्लामुथु। संस्था के अध्यक्ष, संजय खवाड ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 51000 दूसरे को 31000 एवं तृतीय को 21000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा होटल फ़र्न रणथम्बोर फारेस्ट रिसोर्ट द्वारा प्रथम, द्वतीय और तृतीये विजेता को वन नाईट स्टे और 2 जंगल सफारी दी जाएंगी। इसी के साथ विभिन्न कैटेगरी में 5100 के 10 मोटिवेशनल पुरस्कार दिए जाएंगे।

- **प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को क्रमशः 51 हजार, 31 हजार व 21000 का नगद पुरस्कार**

# राजस्थान के 43 डॉक्टर्स से करोड़ों रुपये ठगने वाला बदमाश लखनऊ से गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर समेत राजस्थान के 43 से ज्यादा डॉक्टर्स से करोड़ों रुपये ठगने वाला शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी अंकित जायसवाल सुमित जायसवाल (32) लखनऊ (उत्तरप्रदेश) में टेडी बाजार रकाबगंज का रहने वाला है। जयपुर पुलिस ने उसे लखनऊ से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी अंकित उत्तर प्रदेश में बैठकर राजस्थान के डॉक्टर्स से स्वास्थ्य विभाग का अफसर बनकर ठगी करता था। राजस्थान में आरोपी पर डॉक्टर्स से कुल 43 ठगी के मामले दर्ज हैं। वह सरकारी योजनाओं की बकाया राशि पास करवाने के नाम पर प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को कोड भेजकर रकम वसूलता था।

जयपुर में सिरसी रोड स्थित राजगिरीश हॉस्पिटल के डॉ. रजन अग्रवाल ने 8 फरवरी को बिंदायका थाने में अंकित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। आरोपी अंकित, उसकी मां सुमन, भाई शोभित और पत्नी संध्या दुबे ने पीड़ित को कॉल कर गुमराह किया था। आरोपियों ने पीड़ित के हॉस्पिटल आकर मुलाकात की। आरोपी ने खुद की रजिस्टर्ड निवेश कंपनी होने की बात बताकर 20-30 प्रतिशत प्रॉफिट का झांसा दिया और धोखा देकर 1.80 करोड़ रुपए ऐंठ लिए।

एफ.आई.आर. दर्ज होने के बाद पुलिस ने लखनऊ जाकर शातिर बदमाश की तलाश शुरू की। बार-बार मोबाइल नंबर और ठिकाने बदलने के कारण काफी समय तक वह पुलिस को चकमा देता रहा। जांच करने पर पता चला कि आरोपी अंकित शातिर ठग है। उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान और हरियाणा में भी ठगी की सैकड़ों वारदात कर चुका है। पुलिस से बचने के लिए वह बार-बार ठिकाने बदलता रहता था। परिवार और रिश्तेदारों से भी कॉन्टैक्ट नहीं रखता था। रात के समय क्लब, बार और रेस्टोरेंट में छिपकर रहता था। पुलिस टीम ने काफी प्रयास के बाद शनिवार को लखनऊ में दबिश देकर अंकित जायसवाल को अरेस्ट किया।

ठग अंकित से पूछताछ में सामने आया है कि वह उत्तर प्रदेश में बैठकर ठगी करता था। हॉस्पिटल की ऑनलाइन जानकार लेता था। फिर राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना, चिरंजीवी योजना से जुड़े प्राइवेट हॉस्पिटल्स से कॉन्टैक्ट करता। खुद को हेल्थ डिपार्टमेंट का जूनियर अकांउटेंट बताता। योजनाओं का पैसा पास करवाने के नाम पर जुड़े हॉस्पिटलों के डॉक्टर्स को कॉन्टैक्ट कर लालच देता। कॉन्टैक्ट के दौरान डॉक्टर्स को खुद का नाम अंकित, सुमित, आकाश पांडे, संजय, सुनील आदि बताता था। अलग-अलग फेक नाम से लिए गए सिम कार्ड नंबरों से डॉक्टर्स से कॉन्टैक्ट कर बकाया बिल पास करवाने का लालच देता। खुद, अपनी मां सुमन, भाई शोभित, दादी मुन्नी के बैंक अकाउंट के नाम का कोड भेजकर डॉक्टर्स से लाखों रुपए जमा करवा लेता। विश्वास में लेने के लिए विभिन्न बैंकों की फेक मोहर बैंक स्लिप पर लगाकर डॉक्टर्स को भेजता था। डॉक्टर्स को उनके बैंक अकाउंट में पैसा जमा होने का विश्वास दिलाकर ठगी करता था।

जांच में सामने आया कि आरोपी 2016 से वारदात कर रहा था, वह अब तक करोड़ों रुपए वसूल चुका है। राजस्थान के अलावा उत्तरप्रदेश और हरियाणा में भी मामले दर्ज थे। इस आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। आरोपी लगातार मोबाइल नंबर बदल रहा था। इसके आधार पर पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा में कई बार जाकर दबिश दी। तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर करीब 4 दिन तक उत्तर प्रदेश के होटल और रेस्टोरेंट को खंगाला गया। लखनऊ से भागने की फिराक में बाहर निकले ठग को आखिर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने सैकड़ों डॉक्टर्स से करोड़ों रुपए की ठगी करना स्वीकार किया है। उस पर राजस्थान में जयपुर, अलवर, चूरू, जोधपुर, झुंझुनूं, बाडमेर, बूंदी, भीलवाड़ा, करौली, दौसा, जालोर, कोटा, पाली, नागौर, श्रीगंगानगर, सिरोही के डॉक्टर्स से कुल 43 ठगी के मामले हैं। उन वारदातों के संबंध में हॉस्पिटल से व्यक्तिगत कॉन्टैक्ट कर तस्दीक की जा चुकी हैं।

- **आरोपी अंकित जायसवाल खुद को स्वास्थ्य विभाग का अफसर बताकर डॉक्टर्स को अपने जाल में फंसाता था**
- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना, चिरंजीवी योजना से जुड़े प्राइवेट हॉस्पिटल्स से संपर्क कर योजनाओं का पैसा पास करवाने के नाम पर ठगी करता था**

# घर में घुसकर वृद्धा के जेवर चुराने के आरोपी गिरफ्तार


छबड़ा पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के तुर्कपाड़ा गांव में 15 दिन पूर्व घर में घुसकर वृद्धा के सोने-चांदी के जेवरात चुराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीआई छुट्टनलाल मीणा के अनुसार 15 दिन पूर्व तुर्कपाड़ा निवासी पुष्पाबाई ऐरवाल के मकान में घुसकर

- क्षेत्र के तुर्कपाड़ा गांव में 15 दिन पूर्व घर में घुसकर वृद्धा के जेवरात चोरी हुई थी

चोरों ने पायजेब, फोलरियां, पायल आदि चुरा ली थी। पुलिस ने इस मामले में इसी गांव के दौलतराम मीणा (63) व रामगोपाल मीणा (52) को गिरफ्तार कर लिया और इनके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात भी बरामद कर लिए।

# रोटरी क्बल कोटा सेंट्रल व रोटरैक्ट का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल व रोटरैक्ट क्लब कोटा सेंट्रल का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ देवली-अरब रोड़ स्थित रिसोर्ट में आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष सुनीता काबरा ने बताया कि शपथ ग्रहण अधिकारी आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर पीडीजी अशोक गुप्ता ने क्लब अध्यक्ष सुनीता काबरा व सचिव प्रणय खीचीं सहित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई और एसीटेंट गवर्नर जोन-10 लोकेश सिंह जादौन ने नए 7 सदस्यों को रोटरी का सेवा संकल्प दिलवाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गर्वनर निर्मल कुमावत व विशिष्ट अतिथि पीडीजी अजय काला व कोटा मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना रही। कार्यक्रम में निर्वाचित गर्वनर प्रज्ञा मेहता भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में रोटरैक्ट अध्यक्ष अब्दुल कादीर व सचिव प्रतिक वर्मा ने भी शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में गत वर्ष के सेवाभावी 52 रोटेरियन को अतिथियों, पूर्व अध्यक्ष शालिनी टुटेजा व अध्यक्ष संगीता काबरा ने प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मंच संचालन विपुल अग्रवाल व डॉ. कल्पना सूरी ने किया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गिरीश घाटीवाल, मनोज रानीवाल, आलोकिक जैन व सुमित गांधी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गर्वनर निर्मल कुमावत ने रोटरी सदस्यो को सक्रियता से रोटरी से जुड़ने की सलाह देते हुए कहा कि रोटरी क्लब के विभिन्न आयाम से सदस्य सक्रिय होकर जुड़े और सभी आयामों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

उन्होने क्लब को नए प्रोजेक्ट बनाकर कार्य करने की बात मंच से कही। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगीता काबरा ने कहा कि रोटरी क्लब सैंट्रल न्यू मेडिकल कॉलेज के दो वार्ड को गोद ले रहा है। वह होने वाली समस्त गतिविधियों का संचालन क्लब करेगा। काबरा ने बताया कि शिशु वार्ड व थैलेसीमिया वार्ड की देखरेख सहित संचालन की आवश्यकताओं को पूरा करने का निर्णय क्लब ने लिया है।

## सार-समाचार

### 'कांग्रेस कमेटी आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ब्लॉक प्रभारी कान सिंह चौधरी के नेतृत्व मे पंचायत स्तर पर ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में कांग्रेस कमेटी आपके द्वार कार्यक्रम आगाज किया जिसमें ग्राम पंचायत मुख्यालय टांचा, अजनावर, ढ्ढोलम, राई, मोखमपुरा, अमलावद हाली आदि ग्राम पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता अनीस खान ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत अध्यक्षों को हर बूथ पर एक बूथ वीर नियुक्त करना व और उसकी 10 सदस्यों की जल्द से जल्द कार्यकारी बनाने का लक्ष्य रखा है बैठक में राज्य सरकार की योजना की जानकारी कांग्रेस संगठन को गति देने के लिए विस्तार से चर्चा की गई सभी कांग्रेस नेताओ और कार्यकर्ताओं से अपने अपने विचार रखे बैठक में पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह चौधरी,मंडल अध्यक्ष सत्य नारायण माथोडिया प्रेम सिंह चौधरी, रईस अहमद पीपल खेड़ी,राम निवास नागर, जिला उपा अध्यक्ष ब्रजराज मीणा, पूर्व सरपंच द्वारका लाल नागर, पूर्व उप प्रधान सुरेंद्र मालव, भंवर लाल कालखर, मनोज जारवाल भरत राज प्रजापति जितेन्द्र कुमार नागर,अशोक यादव,कमल सिंह मीणा, गिर्राज मीणा, प्रधान सिंह भील, महेंद्र सुमन,शेरा गोल्ड पवन सेन,सोनू मालव आदि ने सरकार की योजनाओं की जानकरी दी ग्रामीणों की समस्याओं का निदान किया

### नेत्र जांच शिविर 23 को

**छीपाबड़ौद** (निसं)। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति बारां के निर्देशन यामिनी,कृष्ण, मेघा पारीक के जन्मदिन के उपलक्ष में रूपेश पारीक के सहयोग से 137 वां निशुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 23 जुलाई रविवार को किया जाएगा शाखा सचिव राजेंद्र योगी और चिकित्सा प्रभारी महेन्द्र नागर ने बताया कि सद्गुरु संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर के नैत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा आंखों की जांच की जाएगी शिविर का आयोजन आर्य समाज भवन हाट चौक में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा, शाखा अध्यक्ष धीरज बाठला और शिविर प्रभारी नरेंद्र बाठला ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य मरीजों को चिन्हित कर निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण के लिये सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर निशुल्क ले जाया जायेगा साथ ही शिविर में मरीजों को आवास, भोजन, दवाईयां, लैंस काला चश्मा एवं वाहन सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मोतियाबिंद ऑपरेशन के इच्छुक मरीज भर्ती के समय अपनी पहचान के लिए आधार कार्ड की फोटो कोपी अवश्य लाए

### भाजयुमो की कार्यकाारिणी घोषित

**छीपाबड़ौद** (निसं)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची के निर्देशानुसार व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहित नागर व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल नागर की सहमति से छीपाबड़ोद मंडल अध्यक्ष नवल मेहता ने मंडल कार्यकारणी की घोषणा की हे। जिसमे वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरतराज मीणा,रिंकू गुर्जर।उपाध्यक्ष जसराज नागर, राजेंद्र योगी, चंचल गोयल,राजेश लववंशी राजेश मालव,मयंक नागर,रवि मीणा,आदर्श सोनी।मंडल महामंत्री महेंद्र नागर,भूपेंद्र यादव,सोनू वर्मा,अर्जुन नागर।मंडल मंत्री अमित नामदेव,जीतू मेहरा,चेतन नागर,धीरज गुर्जर,कोमल वैष्णव, दिलराज मीणा, मोरपाल मीणा,महेंद्र वर्मा,मुकेश यादव,आशीष नागर मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हंसराज सुमन सह मीडिया प्रभारी रितेश शर्मा मंडल मीडिया प्रभारी परमानंद मालव मंडल कोषाध्यक्ष दीपक कुशवाह मंडल सह कोषाध्यक्ष कमल कुशवाह मंडल कार्यालय मंत्री चेतन मीणा मंडल सह-कार्यालय मंत्री योगेश सुमन मंडल सदस्य ओम गौतम, सुरेंद्र एरवाल, दिव्यांश वर्मा, रवि बयाना, विक्रम बेरवा, खेमराज बनाए गये हैं।

### पूर्व मंत्री बैरवा ने क्षेत्र का दौरा किया

**रामगंजमंडी**(निसं)। पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा ने आज क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। बैरवा ने आज मानपुरा गांव में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर की दादी के निधन पर संवेदना प्रकट करने पहुंचे।उसके बाद हिरियाखेडी में कांग्रेस के प्रमुख मंडल अध्यक्षों की मीटिंग लेकर 30 जुलाई को होने वाले विधानसभा स्तर के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों के लिए दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अजीत पारख जिला महामंत्री रितेश पुरोहित जिला परिषद सदस्य अब्दुल सलाम समाजसेवी शहीद भाई मेव ब्लॉक महामंत्री भीमराज गुर्जर मंडल अध्यक्ष राजाराम बैरवा देव लाल गुर्जर शंभू दयाल शर्मा ललित शर्मा दिनेश तिवारी बिरधी लाल गुर्जर जीतू यादव सोहन लाल पूरी नंद सिंह चौहान व मांगीलाल मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भारत विकास परिषद ने वृक्षारोपण किया

**रामगंजमंडी** (निसं)। भारत विकास परिषद में आज 'सुधा कॉलोनी' खैराबाद रोड पर नवीन जैन प्रियांशु जैन के प्रयास से वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में नवीन जैन द्वारा 35 ड्रम शानदार कलर करके तैयार किये है। जिनके अंदर नीम मीठा नीम पीपल बांस व जामुन आदि के पौधे लगाए। जिसमें पूरे परिवार का विशेष व सराहनीय सहयोग रहा। ज्ञात रहे पिछले वर्ष भी सुधा कॉलोनी में नवीन जैन के प्रयासों से ही 21 पौधे लगा कर के पूरे वर्ष में सिंचित कर बड़े किए उनमे से कुछ पौधे वृक्ष का रूप ले चुके हैं। परिवार का वह भी एक सराहनीय कार्य है। कॉलोनी में दोनों ओर सजे हुवे वृक्ष लगे ड्रम मन मोह लेते है।परिषद के वृक्षारोपण प्रभारी संदीप गांधी ने बताया कि इस कार्य में संजय पतीरा व आशीष गुप्ता सहित आदि का सहयोग रहा।

### अघोषित बिजली कटौती से परेशान

**बून्दी** (निसं)। बून्दी जिले के ग्रामीण इलाकों में दिन-रात की जा रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों औश्र आमजन का साथ देते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य रूपेश शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में विद्युत विभाग के अधिकारियों को खुली चेतावनी देते हुए कही कि किसानों को और अधिक परेशान न करो और अब सुधर जाओ वरना भाजपा कार्यकर्ता और किसान हम दौनो मिलकर सुधार देंगे। विद्युत विभाग बून्दी पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीण इलाकों में दिन-रात की जा रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं, वहीं किसानों को जले हुए ट्रांसफॉर्मर बदलने एवं 2013-14 की पेंडेंसी को लेकर विद्युत कनेक्शन के नाम पर समूची राशि जमा करने के बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा की जा रही मनमानी और भ्रष्टाचार क़तई बर्दाश्त नहीं होगा।

### रक्तदान किया

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा रक्तदाता समूह के कोर्डिनेटर विजय गुप्ता ने बताया कि रविवार को राजस्थान परमाणु बिजलीघर के चिकित्सालय में भर्ती एक मरीज को तुरंत ए पॉजिटीव ब्लड जरूरत होने पर रक्तदाता समूह के सक्रिय सदस्य राहुल कुमार ने ब्लड डोनेट किया। मरीज के परिजन अभिलाष ने बताया कि मरीज गंगा बाई को बीमारी के कारण हर 6 महीने में एक बार रक्त की आवश्कता होने पर रक्तदाता समूह के सदस्य रक्तदान करते आए है। रक्तदान के दौरान समूह के सदस्य गोविंद गुप्ता, आकाश जैन, अर्जुन तिवारी, विपुल तिवारी, शुभम सोनी, अभिलाष एवं राजस्थान परमाणु बिजलीघर के चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित था।

### श्रावणी गीतों पर महिलाएं थिरकी

**बून्दी** (निसं)। रविवार को आया सावन झूम के, लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है, सावन को आने दो फिल्मी व श्रावणी गीतों पर महिलाऐं थिरकती नजर आई। मौका था, संस्कृति संस्था के सावन महोत्सव का। हरी हरी साड़ी में सम्मिलित हुई सभी महिलाओं ने सावन महोत्सव में श्रावणी गीतों पर नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। इस मौके पर श्रावणी गीतों पर आधारितमॉनसूनतम्बोला, मोरनी डान्स व सरप्राइज गेम भी आयोजित किए गए। आयोजन में सावन क्वीन का खिताब विमलेश सोनी ने जीता। इस अवसर पर मंजूशा मेम, मधुहल्दीया, उर्मिला नुवाल, मंजू जिंदल, अंजू अजमेरा, उषा सोनी, संतोष सोनी, रानी यादव, मधु लखोटिया, कमलेश गोयल मौजूद रही।

### कावड़ियों का स्वागत किया

**मांगरोल** (निसं) सावन मास के पवित्र महीने में भटवारा के यात्रियों ने ककरावदापहुचकर वहा की नदी से जल भरकर पैदल कांवरिया लेकर मांगरोल पहुंचने पर इटावा रोड पर विजय ट्रेडर्स ,चोपड़ा परिवार, विनायक सेनेटरी कावड़िया यात्रियों का जोरदार स्वागत किया गया पूर्वचेयरमैन अमित चोपड़ा ने सभी कवडियों को श्रीफल ,जलपान करा कर जय भोलेनाथ के जयकारे लगाए स्वागत करने में मोहन चोपडा विजय गालव भीम यादव आशीष चौपट बंटी भार्गव सलीम, विष्णु गालव अन्य सभी स्वागत करने में मौजूद थे।

## सार-समाचार

### पौधे रोप संरक्षण का संकल्प लिया

**छबड़ा** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महिला संगठन के तत्वावधान में हरियालो राजस्थान की थीम पर बरडिया फार्म हाउस पर अंतरराष्ट्रीय महिला विंग की सदस्याओं ने विभिन्न पौधे लगाए और उनके संरक्षण का जिम्मा लिया। वैश्य महिला मंडल की संरक्षक मंजू लुहाड़िया ने बताया कि वैश्य संगठन हमेशा प्रकृति के संरक्षण और असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहने के साथ सदैव ही परोपकार के कार्यों के साथ ही समाज सेवा एवं वैश्य समाज को भी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं से आगे बढ़ाने में हमेशा कार्यरत है। संगठन की अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने सभी से अपना पूरा सहयोग देने की अपील की। सचिव कल्पना बरडिया के फार्म हाउस पर एक पौधारोपण और पिकनिक कार्यक्रम रखकर सभी ने बहुत ही मनोरंजक एवं आकर्षक गेमां का आनंद लिया। सावन के गीतों से बरडिया फार्म हाउस गुंजायमान हो उठा। सभी ने आया सावन झूम के थीम पर गीत गाते हुए डांस भी किए। हरयालो पार्सल गेम की प्रथम विजेता शिल्पी सिंघवी रही। दूसरे स्थान पर रेणु जिन्दानी और तीसरे स्थान पर दीपाली बिंदल रही। सह कोषाध्यक्ष विभा जैन एवम क्रीडा मंत्री प्रभा जैन ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। सर्वाधिक वृक्ष लगाओ में सरिता सिंघवी, आशा गर्ग और किरण गोलेछा ने प्राइज जीता। इस अवसर पर सभी ने अपने घर से अपने बनाए हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर कल्पना बरडिया, संतोष नुआल, अंजना अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, मनीला अग्रवाल मीना जैन, राधा सिंघल, मंजू बिंदल, उमा गर्ग आदि ने भाग लिया।

### विद्युत करंट से युवक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के कुंडी गांव में रविवार सुबह करंट की चपेट में आने से युवक की मृत्यु हो गई। एएसआई सुरेश नागर ने बताया कि कुंडी निवासी महेन्द्र कुमार भार्गव (32) रविवार सुबह दवा छिड़कने वाली मशीन की टी को विद्युत बोर्ड के प्लग से निकाल रहा था कि अचानक करंट लग जाने से अचेत हो गया। परिजन उसे लेकर छबड़ा चिकित्सालय लाए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बड़े भाई सतीश कुमार भार्गव की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया और मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### कृषि कार्य करते समय युवक की मौत

**छबड़ा** (निसं)। बापचा थाना अंतर्गत गांव खजुरी निवासी एक युवक की कृषि कार्य करते समय मृत्यु हो गई। बापचा थानाधिकारी सुरेंद्र कुंतल ने बताया कि खजुरी निवासी उदम साहू (38) पुत्र प्रेमनारायण रविवार को उसके खेत में कचरा मारने की दवाई फेंक रहा था कि अचानक बेहोश हो गया। अचेत अवस्था में उसे उपचार के लिए छबड़ा के चिकित्सालय में लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक का सोमवार को पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

### नागर विधानसभा अध्यक्ष बने

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला ओबीसी प्रकोष्ठ द्वारा तेजकरण नागर को छबड़ा-छीपाबड़ौद से विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कैबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, राजस्थान प्रदेश ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, जिला बारां प्रभारी मदन मोहन नागर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

### वृद्ध मृत अवस्था में पड़ा मिला

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के गुगोर रोड पर रविवार सुबह एक वृद्ध मृत अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और शिनाख्त के प्रयास जारी है। दुकानदारों ने बताया कि मृतक भीख मांगकर जीवन यापन करता था। वहीं शनिवार को आनंद विहार के निकट मृत मिले वृद्ध का भी रविवार को पालिका प्रशासन के सहयोग से अंतिम संस्कार किया गया। इसकी भी शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

### नगर में गंदगी के अंबार लगे

**मांगरोल** (निसं) देश में स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री मोदी स्वच्छता के लिए संदेश दे रहे हैं लेकिन मांगरोल नगरपालिका क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। नगर की सफाई नहीं हो पा रही है। नगर पालिका में स्वच्छता अभियान के तहत प्रभारी भी लगा रखा है।

# रावतभाटा थाने में सीएलजी और शांति समिति की बैठक आयोजित


सीएलजी व शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

**रावतभाटा,** (शिव सिंह चौहान)। शहर का सद्भाव और सौहार्द बना रहेगा तथा सभी पर्व यहां सदभाव से मनाए जाते हैं। यह परंपरा आने वाले सभी त्यौहारों में भी बनी रहेगी। यह बात सभी समुदाय के लोगों ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को आश्वासन देते हुए कही। रावतभाटा थाने में सांप्रदायिक सोहार्द एंव सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देष्य से सीएलजी और शांतिसमिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपजिला कलेक्टर दीपक सिंह खटाना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक प्रभुलाल कुमावत, रावतभाटा थानाधिकारी रजनीष गुर्जर ने कहा कि सभी त्योहार सदभाव से मनाएं। सभी ने अपनी, अपनी बात कही। इस मौके पर नगर की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि त्योहारों में शांति व्यवस्था बनी रहे, यातायात को व्यवस्थित करना, तेज प्रेशर वाले हॉर्न पर रोक लगाने, तेज रफ्तार से मोटरसाईकल चलाने पर रोक लगाने तथा सममर्जिबल ब्रिज पुलिया व चुलियाफाल पर नहातें वक्त पूर्व में हुई कई दुर्घटनाओं को देखते हुए गष्त करने, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छुट्टी होने के दौरान पुलिस गश्त की मांग, मुख्य बाजार रात्रि 10 बजे बंद, मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई, रात्रि गश्त की अनिवार्यता, साइबर क्राइम प्रणाली की जानकारी, थाने में जाप्ते बढाने की मांग, अपराधियों में डर जनता में विश्वास इसी भावना के साथ सीएलजी व शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सीएलजी व शांति समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# स्वर्ण पदक जीतने वाले कांस्टेबल चंद्रशेखर का फौजी के नेतृत्व में सम्मान


कांस्टेबल चंद्रशेखर ने खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हांसिल करने पर सम्मान किया।

**रामगंजमंडी**(निसं)। जुल्मी पुलिस चौकी के कांस्टेबल चंद्रशेखर ने संभागीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में भार तोलन 130 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हांसिल करने में मिली कामयाबी के अवसर पर रविवार को फौजी ओमप्रकाश मेघवाल के नेतृत्व में सम्मान किया गया।जिसमें सम्मान करने वालों में जिला परिषद सदस्य धीरज सिंह सिसोदिया सरपंच बसंता गुर्जर पूर्व सरपंच समुंदर सिंह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रंजीत बैरवा फौजी लड्डू बैसला किसान संघ के अध्यक्ष प्रहलाद धाकड महामंत्री रामचंद्र पाटीदार विजय सिंह चंद्रावत सत्यनारायण व प्रहलाद मेघवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर फौजी लड्डू बैंसला ने पुलिसकर्मियों को भी कारगिल विजय दिवस पर आयोजित शौर्य दौड में भाग लेने का आमंत्रण दिया और बताया कि जिसका रजिस्ट्रेशन धान मंडी गेट कैंटीन पर चल रहा है।

## खैराबाद के रमण आचार्य को राष्ट्र उत्थान में योगदान के लिए सनातन संस्कृति सम्मान मिला

**रामगंजमंडी**(निसं)। दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के सहयोग से संजय पारिख मेमोरियल ट्रस्ट एवं युग संस्कृति न्यास द्वारा "सनातन संस्कृति संवाद" नामक एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम सम्मानित डॉ. चिन्मय पंड्या द्वारा दिए गए एक मनोरम व्याख्यान पर केंद्रित था।जिसका शीर्षक था "मानव जीवन एक आशीर्वाद या एक अभिशाप?"डॉ. चिन्मय पंड्या वर्तमान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर के रूप में कार्यरत है। इस कार्यक्रम में "सनातन संस्कृति सम्मान से उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में अनुकरणीय समर्पण और प्रतिबद्धता दिखाई है। समाज की भलाई में योगदान दिया है। पुरस्कार पाने वालों में जयपुर, राजस्थान के जिला न्यायाधीश गजेंद्र पाल मोघा खैराबाद राजस्थान के बांसुरी वादक रमन आचार्य और डॉ. राजीव लोचन सक्सैना कोटा सहित राजस्थान से अन्य एक सरकारी चिकित्सक भी शामिल हैं।

## सर्राफा व्यवसायी की दुकान में चोरी

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के स्टेशन रोड़ पर जैन धर्मशाला में स्थित सर्राफा व्यवसायी की दुकान में ऐंडा लगाकर चोरों ने 80-90 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। ओम ज्वेलर्स के संचालक हिमांशु जैन ने बताया कि चोरों ने जैन धर्मशाला के भीतर से दुकान में ऐंडा लगा लिया और दुकान में रखे सोने के हार, चांदी के कलश, छत्तर, अंगुठियां, नारियल आदि चुरा लिए। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के चलते उन्हें घटना की जानकारी सुबह साढ़े दस बजे मिली। चोरों ने यहां लगे सीसीटीवी के तारों को काट दिया। इससे पूर्व भी जैन धर्मशाला में स्थित मनोज गोलेछा के मेडिकल व जिनेन्द्र जैन के किराने की दुकान में चोरी की वारदाते हो चुकी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच कार्रवाई की। सीआई मीणा के अनुसार जैन धर्मशाला अधिकांश समय बंद रहती है। इस कारण चोरों जैन धर्मशाला में पीछे से प्रवेश कर कमरे का ताला तोड़ लिया और दुकान की कच्ची दीवार में ऐंडा लगा दिया। सीआई के अनुसार यह वारदात स्मैकचियों द्वारा किए जाने की संभावना है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन को हटाने की मांग को लेकर राजपूत समाज एकजुट हुआ


झालावाड़ में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन के खिलाफ राजपूत समाज एकजुट हो गया। शहर भर में रैली निकाली गई, साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष को पद मुक्त करने की मांग की गई।

**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन के खिलाफ राजपूत समाज एकजुट हो गया रविवार को शहर भर में रैली निकाली गई साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष को पद मुक्त करने की मांग की गई

झालावाड़ में जिले में पिछले दिनों भूमि विकास बैंक के चेयरमैन पद पर हुए चुनाव के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन और राजपूत समाज के लोगों के बीच हुई कहा सुनी ने अब तूल पकड़ लिया है ऐसे में रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष से नाराज राजपूत समाज ने शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया बाद में भाजपा सांसद कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव भी किया राजपूत समाज प्रतिनिधियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को पद मुक्त करने की मांग की है।

करणी सेना के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि गत दिनों भूमि विकास बैंक के चुनाव हुए थे, लेकिन बहुमत के अभाव में बीजेपी प्रत्याशी ने खुद ही अपनी उम्मीदवारी का पर्चा फाड़ दिया और दूसरे पक्ष पर पर्चा फाड़ने और चुनाव में धांधली करने का झूठा आरोप लगाते हुए हंगामा किया आरोप है कि भाजपा जिला अध्यक्ष संजय जैन ने राजपूत समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी भी की थी, जिसके बाद से राजपूत समाज में भारी आक्रोश है।

राजपूत समाज प्रतिनिधियों की मांग है कि बीजेपी जिलाध्यक्ष संजय जैन को रविवार देर शाम तक पद मुक्त कर दिया जाए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया तो यह विरोध झालावाड़ जिले से बढ़कर पूरे प्रदेश तक पहुंच जाएगा, जिसका जिम्मेदार बीजेपी नेतृत्व खुद होगा इसी को लेकर राजपूत समाज की ओर से जिले के सभी कस्बों में संजय जैन का पुतला भी फूंका गया और प्रदर्शन किया गया। पूरे मामले को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करते हुए कहा कि राजपूत समाज की ओर से उनपर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

उन्होंने कहा कि उनके 40 वर्ष के राजनीतिक जीवन में आज तक किसी समाज तो क्या किसी कार्यकर्ता को लेकर भी कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की गई है राजपूत समाज उनपर लगाए गए आरोपों को लेकर कोई तथ्य पेश करते हैं तो वह घर बैठ जाएंगे और राजनीति छोड़ देंगे उन्होंने कहा कि वह गंदी राजनीति न तो करते हैं ना आगे करेंगे।



"मैं भी कुछ अवसरों पर इस तरह से आउट हो चुका हूं और मैंने भी इससे पहले बल्लेबाजों को इस तरह से आउट करने का प्रयास किया है।''

- एलेक्स कैरी

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर, जॉनी बेयरस्टो को विवादास्पद तरीके से स्टंप आउट करने का को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## लियोनल मेसी

**वाशिंगटन,** अर्जेंटीना को फीफा वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने वाले लियोनल मेसी ने इंटर मियामी क्लब के साथ आधिकारिक करार कर लिया है। क्लब की नंबर 10 शर्ट पहने हुए 36 वर्षीय महान खिलाडी का एक वीडियो शनिवार को इंटर के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया गया था। क्लब ने बाद में इसकी पुष्टि की कि दिसंबर 2025 तक मेसी इंटर मियामी क्लब के लिए ही खेलेंगे। मेसी ने कहा, मैं इंटर मियामी और संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने करियर का अगला कदम शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल की पहली ट्रॉफी जुलियस रिमेट का डिजाइन फ्रांसीसी वास्तुकर एवेल लेफलुर ने तैयार किया था।

## पश्चिम से बदला लेकर दक्षिण क्षेत्र बना दलीप ट्राफी चैंपियन

**बेंगलुरू** 16 जुलाई। खेल के हर विभाग में पश्चिम क्षेत्र को पछाडऱते हुये दक्षिण क्षेत्र ने रविवार को दलीप ट्राफी चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। पश्चिम क्षेत्र के कप्तान प्रियांका पंचाल (95) ने हार को टालने की पुरजोर कोशिश की मगर वासुकी कौशिक (36 रन पर चार विकेट) और साई किशोर (57 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के आगे उनकी टीम धराशायी हो गयी। दक्षिण क्षेत्र ने 14वीं बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है। इस जीत के साथ उसने पश्चिम क्षेत्र से पिछले साल मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। पिछले साल फाइनल में पश्चिम क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराया था। रविवार को दक्षिण क्षेत्र को जीत के लिये पांच विकेट की दरकार थी जिसमें सबसे बड़ी बाधा अंगद की तरह क्रीज पर पांव जमाये पांचाल थे। कवरप्पा ने हालांकि यह बाधा जल्द दूर कर दी जब उनकी गेंद पर पांचाल विकेट के पीछे लपक लिये गये। बाकी का काम साई किशोर ने एक के बाद एक विकेट चटकाते हुये पूरा कर दिया। अतीत सेठ (9) और धर्मेंद्रसिंह जडेजा (15) ने आठवें विकेट के लिए 23 रन जोड़े लेकिन वह हार को टालने में विफल रहे। दक्षिण क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 213 रन बनाये थे जिसके जवाब में पश्चिम की पहली पारी 146 रनों पर सिमट गयी थी। 67 रन की लीड के साथ दक्षिण के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी शुरू की और 230 रन बना कर पश्चिम को जीत के लिये 298 रनो का लक्ष्य दिया।

## वास्को ने रेमन डियाज़ को बनाया मुख्य कोच

**रियो डी जनेरियो,** 16 जुलाई। अर्जेंटीना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर रेमन डियाज़ को वास्को डी गामा ने 2023 के शेष सीज़न के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। 63 वर्षीय खिलाड़ी मौरिसियो बारबेरी की जगह लेंगे, जिन्हें ब्राजीलियाई सीरी ए सीज़न में क्लब की खराब शुरुआत के बाद जून के अंत में बर्खास्त कर दिया गया था। रियो डी जनेरियो ने एक बयान में कहा कि डियाज़ के साथ सहायक कोच एमिलियानो डियाज़ और जुआन रोमानज़ी भी शामिल होंगे। वास्को वर्तमान में 14 मैचों में केवल दो जीत के साथ 20-टीम स्टैंडिंग में 19वें स्थान पर है। वर्ष 1979 और 1982 के बीच अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के लिए 22 बार चुने गए, डियाज़ ने 1995 में रिवर प्लेट के साथ अपने प्रबंधकीय करियर की शुरुआत की। तब से उन्होंने मेक्सिको की अमेरिका, ब्राजील की बोटाफोगो और पैराग्वे की लिबर्टाड सहित अन्य टीमों में काम किया है।

## कप्तानी का लुत्फ उठा रहा हूं, दक्षिण क्षेत्र का गेंदबाजी आक्रमण शानदार रहाः हनुमा विहारी

**बेंगलुरु,** 16 जुलाई। हनुमा विहारी ने रविवार को यहां अपनी अगुआई में दक्षिण क्षेत्र को दलीप ट्राफी खिताब दिलाने के बाद कहा कि इस समय वह कप्तानी का लुत्फ उठा रहे हैं। विहारी ने फाइनल की दो पारियों में 105 रन का योगदान दिया। इस प्रदर्शन से निश्चित रूप से भारतीय टीम में वापसी के प्रयास को मजबूती मिलेगी लेकिन इस समय वह अपने इस कप्तानी के अनुभव का आनंद ले रहे हैं। विहारी अब पूरे घरेलू सत्र में मध्य प्रदेश के लिए खेलेंगे। उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से मैंने कप्तानी का लुत्फ उठाया। और जब आपके पास ऐसी टीम हो तो आप कप्तानी का आनंद उठाओगे ही। '' विहारी ने दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजी आक्रमण की प्रशंसा करते हुए कहा।

# डिसिल्वा और मैथ्यूज की अर्धशतकीय पारियों से श्रीलंका संभला

गॉल (श्रीलंका), 16 जुलाई । धनंजय डिसिल्वा (नाबाद 94) और पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज (64) के बीच पांचवें विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन रविवार को यहां खराब शुरुआत से उबरते हुए स्टंप्स तक छह विकेट पर 242 रन बनाये।

बारिश के कारण दिन में महज 65.4 ओवर का खेल ही हो पाया। श्रीलंका की टीम एक समय 54 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन उपकप्तान डिसिल्वा और मैथ्यूज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। इस साझेदारी को अबरार अहमद (59 रन पर एक विकेट) ने मैथ्यूज को आउट कर तोड़ा। मैथ्यूज ने 109 गेंद की पारी में नौ चौके लगाये। डिसिल्वा ने इसके बाद विकेटकीपर सदीरा समरविक्रमा (36) के साथ छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। कामचलाऊ गेंदबाज आगा सलमान ने समरविक्रमा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इस विकेट के गिरते ही खराब रोशनी के कारण दिन के खेल को रोक दिया गया। डिसिल्वा ने अपने शतक से छह रन दूर है। उन्होंने अब तक 157 गेंद की पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े है। इससे पहले तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने तीन विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में वापसी की जिससे पाकिस्तान ने श्रीलंका के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। पाकिस्तान के दोनों तेज गेंदबाजों अफरीदी और नसीम शाह ने शुरू से ही श्रीलंका के बल्लेबाजों को परेशानी में रखा। अफरीदी ने सलामी बल्लेबाज निशान मधुशंका (चार) को विकेटकीपर सरफराज अहमद के हाथों कैच कराकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 100वां विकेट लिया। इस मुकाम पर पहुंचने वाले वह पाकिस्तान के 19वें गेंदबाज बने। अफरीदी दाएं घुटने की चोट के कारण पिछले एक साल से नहीं खेल पाए थे और टेस्ट क्रिकेट में 99 विकेट पर अटके हुए थे। उन्होंने हालांकि तीसरे ओवर में ही यह लंबा इंतजार खत्म कर दिया। अभी आधे घंटे का भी खेल नहीं हुआ था बारिश के कारण खिलाड़ियों को पवेलियन लौटना पड़ा। इससे 87 मिनट का खेल नहीं हो पाया और लंच को एक घंटे आगे बढ़ा दिया गया। खेल शुरू होने पर अफरीदी ने कुशाल मेंडिस (12) के रूप में अपना दूसरा विकेट लिया जिन्होंने स्लिप में कैच दिया। इसके बाद उन्होंने श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने (29) को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया। अगले ओवर में दिनेश चांदीमल (एक) ने नसीम शाह की गेंद पर स्लिप में कैच थमाया।

## एशियाई खेलों में पुरुष युगल में भारत के पास पदक जीतने का मौकाः पेस

**मुंबई,** 16 जुलाई । टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस का मानना है कि एशियाई खेलों में भारत को एकल में कड़ी चुनौती मिलेगी, लेकिन पुरुष युगल टीम से देश पदक जीतने की उम्मीद कर सकता है।

यह देखना होगा कि अनुभवी रोहन बोपन्ना के साथ खेलने के लिए किसे चुना जाता है। पेस ने विंबलडन पुरुष फाइनल के लिए रविवार को यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, "एशियाई खेलों में पुरुष युगल में हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने का अच्छा मौका है। हमारे पास युगल में टीमों के कई विकल्प हैं। हमारे पास काफी खिलाड़ी हैं जो खेल सकते हैं।'' उन्होंने कहा, "एकल में ऐतिहासिक रूप से जापान, कोरिया, उज्बेकिस्तान, चीन, चीनी ताइपे, थाईलैंड जैसे देशों के खिलाड़ी अच्छा करते रहे है। इसमें हमारे खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा लेकिन युगल में हमारे पास पदक जीतने का एक बड़ा मौका है।'' उन्होंने कहा, "यह सिर्फ टीमों के संयोजन पर निर्भर करता है कि वे रोहन के साथ खेलने के लिए किसे चुनते हैं और दूसरी टीम कौन सी होगी।'' पेस को लगता है कि भारतीय खिलाड़ियों को अगले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में बने रहना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश बड़े प्रतियोगिताओं की मेजबानी नहीं करता है।

## चांगवोन जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों की शानदार शुरुआत

**नयी दिल्ली,** 16 जुलाई। प्रतिभावान निशानेबाजों शुभम बिस्ला और सेनयम ने रविवार को कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत को स्वर्णिम शुरुआत दिलाते हुए क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीते। शुभम का आईएसएसएफ जूनियर स्तर पर यह पहला स्वर्ण पदक है जबकि सेनयम ने पिछले महीने सुहल जूनियर विश्व कप में खिताबी सफलता को चांगवोन में भी दोहराया। भारत ने प्रतियोगिता के पहले दिन दांव पर लगे दोनों स्वर्ण पदक जीते और पदक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है।

शुभम पहले रेंज पर उतरे और उन्होंने पुरुष एयर पिस्टल फाइनल में 244.6 अंक के साथ खिताब जीता। चीन के बु शुआइहैंग 239.6 अंक के साथ उनसे काफी पीछे रहे। कोरिया के किम केंगह्युन ने 218.2 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले शुभम ने क्वालीफिकेशन दौर में 578 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। बू 585 अंक के साथ शीर्ष पर रहे थे। अमित शर्मा (576) और सागर भार्गव (575) भी क्वालीफाइंग में क्रमशः छठे और आठवें स्थान के साथ फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे। फाइनल में सागर चौथे और अमित पांचवें स्थान पर रहे। सेनयम ने महिला एयर पिस्टल फाइनल में 242.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोरिया की ओ यी जिन ने 239.4 अंक के साथ रजत जबकि चीन की याओ शियानशुन ने 218.6 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सेनयम ने क्वालीफिकेशन में 576 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए जबकि उर्वा चौधरी ने इसी स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। उर्वा मामूली अंतर से पदक से चूक गई। वह 198.1 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। भारतीय महिलाएं इटली के लोनाटो में आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। श्रेयसी सिंह क्वालीफाइंग में 111 अंक के साथ 32वें स्थान पर रहीं। मनीष कीर उनके समान अंक के साथ 35वें स्थान पर रहीं जबकि राजेश्वरी कुमारी ने 106 अंक के साथ 52वां स्थान हासिल किया। पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज तोंडइमान शुरुआती चार क्वालीफिकेशन दौर में 97 अंक के साथ छठे स्थान पर चल रहे हैं और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं।

## हॉकी इंडिया ने राज्य इकाइयों से जिला स्तर पर नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा

**नयी दिल्ली,** 16 जुलाई। हॉकी के विकास के लिए अपनी परियोजनाओं और नीतियों का अधिक प्रभावी तरीके से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हॉकी इंडिया अपने 'सदस्य इकाई पोर्टल' का विस्तार करेगा और इसमें जिला इकाईयों की जानकारी भी शामिल करेगा। पूर्व भारतीय कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि उनका उद्देश्य सभी हिस्सों में सुशासन को बढ़ावा देना है। हॉकी इंडिया ने अपने सदस्य इकाइयों से जिला इकाइयों की कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए कहा है और इसे सदस्य यूनिट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं ताकि राष्ट्रीय संस्था इनकी प्रगति का पता कर सके।

टिर्का ने रविवार को जारी बयान में कहा,"सदस्य इकाई पोर्टल में जिलों को शामिल करने का कदम जमीनी स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देने के प्रति हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हम खेल के समठा विकास को सुनिश्चित करने के लिए भारत के सभी जिलों के बारे में जानकारी एकत्रित करें।''

## अटवाल संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर

**एक्रोन,** 16 जुलाई। भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल 'पीजीए टूर' की 'कौलिग कंपनीज चैम्पियनशिप' के तीसरे दौर में एक ओवर 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर है।

सीनियर खिलाड़ियों (50 साल से अधिक उम्र के) के टूर्नामेंट में अटवाल ने शुरुआती दो दौर में एक समान दो ओवर का कार्ड खेला था।

## सेसकाटून में उप विजेता रहीं करमन कौर

सेसकाटून (कनाडा), 16 जुलाई । भारत की करमन कौर थांडी और कनाडा की उनकी जोड़ीदार स्टेसी फुंग रविवार को यहां आईटीएफ डब्ल्यू60 सेसकाटून चैलेंजर्स टूर्नामेंट की महिला युगल स्पर्धा में उप विजेता रहे।

करमन और स्टेसी की जोड़ी को फाइनल में अमेरिका की एबिगेन रेनचेल और एलेना स्मिथ को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 60 हजार डॉलर इनामी प्रतियोगिता में तीन सेट में 6-4, 4-6, 7-10 से हार झेलनी पड़ी।

करमन और स्टेसी ने सेमीफाइनल में कारमन कोर्ले और इवाना कोर्ले की अमेरिकी जोडी को 6-4, 5-7, 11-9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

## लक्ष्य सेन अमेरिकी ओपन से बाहर, सेमीफाइनल में फेंग से हारे

**काउंसिल ब्लफ्स ( अमेरिका ),** 16 जुलाई । भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को अमेरिकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त सेन दूसरी वरीयता प्राप्त फेंग के खिलाफ 17-21, 24-22, 17-21 से हार गए। शनिवार की रात को खेला गया बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट का यह मुकाबला एक घंटे 16 मिनट तक चला।

विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी फेंग और 12वीं रैंकिंग के सेन के बीच यह मुकाबला काफी करीबी रहा। शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ी 17 अंकों तक बराबरी पर थे लेकिन के बाद चीन के खिलाड़ी ने आक्रामक रवैया दिखाया जबकि भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां की।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेन ने हालांकि दूसरे गेम में अच्छी वापसी की। पहले गेम की तरह दूसरे गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाड़ियों ने लंबी रैलियां की और 22 अंक तक दोनों बराबरी पर थे। लक्ष्य ने इसके बाद लगातार दो अंक बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

तीसरा और निर्णायक गेम पहले गेम की पुनरावृत्ति था। फेंग ने शुरू में बढ़त बनाई और इंटरवल तक वह 11-8 से आगे थे। सेन ने हालांकि हार नहीं मानी और 17 अंकों तक स्वयं को मुकाबले में बनाए रखा। चीन के खिलाड़ी ने इसके बाद दबाव बनाया तथा मैच अपनी झोली में डाला।

सेन का फेंग के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 5-2 है। उन्होंने पिछले सप्ताह कनाडा ओपन में चीन के खिलाड़ी को 21-18, 22-20 से हराकर अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 खिताब जीता था।

# जसप्रीत बुमराह फिटनेस हासिल करने के करीब

**नई दिल्ली** 16 जुलाई। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लंबी चोट से उबरने के बाद अपनी पूरी फिटनेस हासिल करने के करीब हैं। अगले महीने आयरलैंड दौरे के साथ उनकी टीम में वापसी की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में पीठ की सर्जरी कराने और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में सफलतापूर्वक रीहैबिलिटेशन के बाद बुमराह ने पिछले महीने गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है। साथ ही वह धीरे-धीरे पूरी क्षमता से गेंदबाजी की तरफ लौट रहे हैं।

एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में वह अपना रिहैब कर रहे हैं। वह इन दिनों नेट्स पर पूरे जोश के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। वह रोजाना 8-10 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। उनका गेंदबाजी करते हुए अब एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उस वीडियो में बुमराह अच्छी लय में नजर आ रहे हैं।

एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण की निगरानी में वह अपना रिहैब कर रहे हैं। वह इन दिनों नेट्स पर पूरे जोश के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। वह रोजाना 8-10 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। उनका गेंदबाजी करते हुए अब एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उस वीडियो में बुमराह अच्छी लय में नजर आ रहे हैं।

जसप्रीत बुमराह पिछले साल सितंबर से ही क्रिकेट से दूर चल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ...बुमराह को नेट्स पर कोई परेशानी नहीं दिख रही है। वह रोजाना ट्रेनिंग कर रहे हैं। ऐसे संकेत हैं कि बुमराह एनसीए में कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकते हैं, जहां शिविर चल रहे हैं। एशिया कप और आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप से पहले यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक शुभ समाचार है।

भारत अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। इस बीच, एक अन्य भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जिनकी लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर की सर्जरी हुई थी, ने दोबारा गेंदबाजी शुरू कर दी है। 27 वर्षीय तेज गेंदबाज चोट के कारण आईपीएल 2023 से चूक गए थे। आखिरी बार उन्होंने अगस्त 2022 में जिम्बाब्वे में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। तब से वह स्ट्रेस फ्रैक्चर से जूझ रहे हैं, जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी।

फिलहाल, प्रसिद्ध का अगले महीने आयरलैंड दौरे पर खेलना तय नहीं है। वह एशिया कप में खेल सकते हैं। दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर, जिन्होंने बार-बार होने वाली पीठ की चोट के लिए सर्जरी करवाई थी, वो भी अपना रिहैब पूरा करने के बाद फिर से बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस साल फरवरी-मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद केकेआर के कप्तान आईपीएल 2023 नहीं खेल पाए थे। अगर वह फिट हो गए तो अय्यर आयरलैंड के दौरे पर जा सकते हैं।

## आरसीबी करेगी हेसन और बांगड़ के अनुबंध की समीक्षा

**बेंगलुरु,** 16 जुलाई । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) अपने कोचिंग स्टाफ में फेरबदल कर सकती है क्योंकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट परिचालन निदेशक माइक हेसन और मुख्य कोच संजय बांगड़ के अनुबंध की समीक्षा कर रही है।

आईपीएल के कोचिंग स्टाफ के अनुबंध का नवीनीकरण सितंबर में होना है और आरसीबी ने संकेत दिया कि किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले उनके प्रदर्शन को गंभीरता से देखा जायेगा।

फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, "आरसीबी के साथ उनका अनुबंध अब भी कायम है। टीम अब भी समीक्षा की प्रक्रिया से गुजर रही है। अगर कोई घोषणा होती है तो हम आपको बतायेंगे। ''

बांगड़ और हेसन से अभी आरसीबी के साथ उनके अनुबंध की स्थिति के बारे में प्रतिक्रिया नहीं ली जा सकी है।

हेसन 2019 में फ्रेंचाइजी से जुड़े थे और साइमन काटिच के आईपीएल 2022 से पहले निजी कारणों से हटने के बाद बांगड़ को यह जिम्मेदारी दी गयी थी।

# वर्षा बाधित मैच में बांग्लादेश ने भारत को हराया

**मीरपुर** 16 जुलाई । मारूफा अक्तर (29 रन पर चार विकेट) और राबया खान (30 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने रविवार को आईसीसी वुमेंस चैंपियनशिप के एक वर्षा बाधित मुकाबले में भारत को 40 रन के विशाल अंतर से हरा दिया।

बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 43 ओवर में 152 रन बनाये जिसके जवाब में भारतीय टीम 35.5 ओवर के खेल में 113 रनों पर सिमट गयी। दीप्ति शर्मा (20) भारत की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं जबकि यास्तिका भाटिया (15) और अमनजोत कौर (15) ने टीम को हार से दूर रखने में संघर्ष किया। मेजबान टीम के खिलाफ पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर आज सिर्फ पांच रन ही बना सकी वहीं स्मृति मंधाना (11) का बल्ला इस मैच में भी नहीं चल सका।

बारिश के चलते मैदान गीला होने के कारण ओवरों की संख्या घटा कर 44-44 कर दी गयी थी। मारूफा ने हरमनप्रीत,स्मृति मंधाना,प्रिया पुनिया के विकेट जल्दी जल्दी झटक कर भारत की मुश्किलों में इजाफा किया जिससे भारत अंत तक उबर नहीं सका। वन डे में पदार्पण करने वाली अमनजोत ने बल्ले और गेंद से बेहतर प्रदर्शन कर अपने चयन को सही ठहराया। उन्होने बांग्लादेश के चार विकेट झटके जिसके कारण मेजबान टीम 152 के स्कोर पर ही सिमट गयी।

## भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में 20 पदक के साथ खत्म किया अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई। लवप्रीत सिंह और पूर्णिमा पांडे ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलनचैंपियनशिप के आखिरी दिन अपने-अपने वर्ग में पदक जीते जिससे भारत ने रविवार को यहां अपना अभियान 20 पदकों के साथ खत्म किया। पिछले सत्र में रजत पदक जीतने वाले लवप्रीत ने पुरूषों के 109 किलो वर्ग में रजत जबकि गत चैम्पियन पूर्णिमा ने कांस्य पदक जीता।

पंजाब के लवप्रीत ने कुल 341 किलो (154 किलो 187 किलो) वजन उठाकर एक बार फिर दूसरा स्थान हासिल किया। वह हालांकि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के 355 किलो (163 किलो 192 किलो) के पदक जीतने वाले प्रयास को दोहराने में नाकाम रहे। फिजी के तनिएला तुईसुवा रैनिबोगी ने 363 किलो (163 किलो 200 किलो) के साथ स्वर्ण जबकि इंग्लैंड के एंड्रयू गिफिथ्स 340 किलो (155 किलो 185 किलो) के साथ इस स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। महिलाओं के 87 किलो से अधिक के वजन वर्ग में गत चैम्पियन पूर्णिमा इस बार कांस्य पदक ही जीत सकीं।पूर्णिमा ने 227 किलो (102 किलो 125 किलो) उठाया, जो उनके 2021 के कुल वजन से दो किलोग्राम कम है। इस स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक समोआ की खिलाड़ियों ने जीता। लुनियारा सिपाया 262 किलो (110 किलो 152 किलो) और लेसिला फियापुले 250 किलो (110 किलो 140 किलो) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। जूनियर वर्ग (109 किलो से अधिक) में भारत के परमवीर सिंह और केशव बिस्सा पहले और दूसरे स्थान पर रहे। भारत ने सीनियर स्पर्धाओं में 19 भारोत्तोलकों को मैदान में उतारा था, जिनमें से नौ ने स्वर्ण पदक जीतने वाला प्रदर्शन किया।

## भारत तीसरे स्थान पर रहा, सर्वाधिक 27 पदक के रिकॉर्ड की बराबरी की

**बैंकॉक,** 16 जुलाई। आभा खटुआ ने रविवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन हैरान करते हुए महिला गोला फेंक स्पर्धा में 18.06 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए रजत पदक अपने नाम किया जबकि ज्योति याराजी और पारूल चौधरी ने प्रतियोगिता में अपना दूसरा पदक जीता। भारत प्रतियोगिता में 27 पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत ने प्रतियोगिता में छह स्वर्ण के अलावा 12 रजत और नौ कांस्य पदक सहित कुल 27 पदक जीतकर इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपने सर्वाधिक पदक के रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल रहा। भारत ने स्वदेश में भुवनेश्वर में 2017 में हुई प्रतियोगिता में भी इतने ही पदक जीते थे। इस बार हालांकि स्वर्ण पदक की संख्या कम है। भारत 2017 में नौ स्वर्ण, छह रजत और 12 कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा था। भारत ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन आठ रजत और पांच कांस्य पदक के साथ कुल 13 पदक जीते लेकिन एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया। आभा ने 17.13 मीटर के अपने पिछले निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में लगभग एक मीटर (93 सेंटीमीटर) का सुधार करते हुए चार किलो के गोले को अपने चौथे प्रयास में 18.06 मीटर की दूरी तक फेंका। आभा का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 17.10 मीटर का रहा। चीन की सोंग जियायुआन (18.88 मीटर) ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

आभा ने अनुभवी मनप्रीत कौर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की जो रविवार को 17 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। आभा ने मीडिया से ऑनलाइन बातचीत में कहा, "इस साल मैंने अपनी तकनीक में बदलाव किया। मैंने इसे ग्लाइडिंग से रोटेशन किया। शुरुआत में रोटेशन तकनीक को अच्छी तरह से समझने में दिक्कत थी। जैसे जैसे मैने गति पकडी तो मेरे प्रदर्शन में सुधार हुआ।''

गुरुवार को एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं ज्योति ने 23.13 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 200 मीटर का भी रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में सिंगापुर की शांति परेरा 22.70 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले ज्योति का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23.29 सेकेंड था जो उन्होंने सेमीफाइनल में किया था। उन्होंने मई में फेडरेशन कप में 23.42 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। लंबी दूरी की दिग्गज धाविका पारूल चौधरी ने भी 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक के साथ अपना दूसरा पदक जीता। शुक्रवार को 3000 मीटर स्टीपलचेस में स्वर्ण पदक जीतने वाली पारूल ने 5000 मीटर में 15 मिनट 52.35 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता।

जापान की युमा यामामोटो ने 15 मिनट 51.16 सेकेंड के समय से शीर्ष पर रहीं। पारूल के नाम पर 5000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है जो 15 मिनट 10.35 सेकेंड का है। अंकिता ने इसी स्पर्धा में 16 मिनट 3.33 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। गुलवीर सिंह पुरुष 5000 मीटर दौड़ में 13 मिनट 48.33 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। पुरुष भाला फेंक में डीपी मनु ने 81.01 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता।

## साबले ने डायमंड लीग में छठे स्थान के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

सिलेसिया (पोलैंड), 16 जुलाई (भाषा) अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में रविवार को सिलेसिया डायमंड लीग मीट में छठे स्थान पर रहने के बाद 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन साबले ने आठ मिनट 11:63 सेकंड का समय लिया, जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय आठ मिनट 11.20 सेकंड से थोड़ा अधिक है। उन्होंने हालांकि पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क आठ मिनट 15 सेकंड को काफी अंतर से पीछे छोड़ दिया। साबले के अलावा 20 किमी पैदल चाल पुरुषों की स्पर्धा में अक्षदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट और महिलाओं की स्पर्धा में प्रियंका गोस्वामी भी पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके है।

# ओवेन कॉयले फिर से बने चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच

**चेन्नई,** 16 जुलाई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के सत्र से पहले चेन्नईयिन एफसी ने रविवार को मुख्य कोच के रूप में अनुभवी स्कॉट्समैन ओवेन कॉयल की वापसी की घोषणा की।

अनुभवी स्कॉट्समैन ने प्रीमियर लीग मैनेजर का खिताब जीता है और वह भारतीय फुटबॉल में एक लोकप्रिय नाम है। सर्किट और चेन्नईयिन एफसी के साथ उनका सफल कार्यकाल रहा है। 2019-20 में उन्होंने आठ अंकों के साथ क्लब को हीरो आईएसएल के फाइनल में पहुंचाया था। चेन्नईयिन की सह-मालिक वीटा दानी ने खुशी जताते हुये कहा हम ओवेन को चेन्नईयिन रंग में वापस पाकर बहुत खुश हैं। ओवेन भारत के लिए कोई अजनबी नहीं है और हम सभी ने देखा है कि वह यहां क्या कर सकता है। वह हमारी युवा टीम को आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति है और हमें इसकी खुशी है कि वह घर वापस आ गया है। कॉयले ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में भी कोचिंग की है। हाल ही में उन्होंने दूसरे में क्वींस पार्क फुटबॉल क्लब को कोचिंग दी थी। कॉयले ने कहा, चेन्नईयिन एफसी में वापस आकर वास्तव में उत्साहित हूं। पिछली बार यह एक अद्भुत अनुभव था। हम पिछली सफलता को दोहराने का प्रयास करना चाहते हैं। यह कठिन होने वाला है ,हम यह जानते हैं लेकिन हम सभी फुटबॉल में इसकी चुनौती को पसंद करते हैं।

## अदिति अशोक की डेना ओपन में शीर्ष 10 में वापसी

**सिलवेनिया** (अमेरिका), 16 जुलाई । भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में बोगी रहित चार अंडर 67 के स्कोर से एलपीजीए टूर के डेना ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। मौजूदा सत्र में चार प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में रहने वाली अदिति संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर चल रही हैं। उनका 54 होल के बाद कुल स्कोर 10 अंडर है। इस बीच स्वीडन की लिन ठांट ने नौ अंडर 62 के स्कोर से कुल 18 अंडर 195 के स्कोर के साथ अमेरिकी महिला ओपन चैंपियन एलिसन कोर्पज (68), स्टीफनी किरयाकोउ (65), मारिया फासी (67), मटिल्डा कास्ट्रेन (67) और एमिली पेडरसन (67) पर छह शॉट की बढ़त बना ली है।



*जोसफ फोर्ट न्यूटन ने कहा था, ''मनुष्य दीवारें बहुत अधिक बनाता है, पुल नहीं बनाता।'' लेकिन कर्नाटक के छोटे से गाँव अरम्बूर के मकैनिकल इंजीनियर, चित्र में नज़र आ रहे गिरीश भारद्वाज ने ना केवल एक तेज बहाव वाली नदी पर पुल बनाया बल्कि इस गाँव को और यहाँ के निवासियों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पाने का मौका दिया। वर्षों तक, मानसून के मौसम में, जब नदी उफान पर होती थी और जलस्तर बहुत अधिक बढ़ जाता था तब गाँववासी किसी तरह अपने दिन काटते थे। आर्थिक रुप से कमज़ोर लोग किनारों पर ही फंसे रहते थे, क्योंकि वो नाव का खर्च नहीं उठा पाते थे। सबको पता था कि नदी पर पुल बनाना ही एकमात्र विकल्प है, लेकिन इसका खर्च उठाना किसी के बस की बात नहीं थी। अपनी इच्छा लेकर लोग गाँव के इंजीनियर गिरीश के पास पहुँचे। गिरीश हालांकि स्थानीय किसानों की मदद के लिए पहले से ही बहुत कुछ कर रहे थे, लेकिन, पुल बनाना उनके लिए भी असंभव काम था। उन्होंने मना कर दिया, पर अंततः गाँव वालों के विश्वास के आगे झुक गए। उन्होंने स्वयं शोध किया और अन्य इंजीनियरों से मशवरा लेकर एक डि़ज़ाइन तैयार किया। सन् 1989 में सम्पूर्ण समुदाय के सहयोग से अरम्बूर में सस्पैंशन ब्रिज बना। इस तरह केवल एक लाख रुपए की लागत से सिर्फ तीन महीनों में भारत का पहला 97 मीटर लंबा ''हैंगिंग ब्रिज'' बनकर तैयार हुआ। लेकिन, यह तो केवल एक शुरुआत थी। भारद्वाज ने नदियों के किनारे बसे गाँवों को शहरों से जोड़ने के लिए अथक मेहनत की। सरकार से कोई मदद नहीं मिलने पर गिरीश ने स्वयं पुल बनाने का निर्णय लिया तथा लागत कम रखने के लिए स्टील केबल्स का इस्तेमाल किया। भारद्वाज अब तक अलग-अलग क्षेत्रों में 147 सस्पैंशन ब्रिज बना चुके हैं और अनेक दूरस्थ स्थानों को शहरों से जोड़ चुके हैं। ''ब्रिजमैन ऑफ इण्डिया'' के नाम से मशहूर गिरीश भारद्वाज को भारत सरकार ने पद्मश्री से नवाज़ा है।*

# किसान महिलाओं के साथ डांस करते सोनिया गांधी का वीडियो सामने आया

## सोनिया गांधी ने मदीना गाँव (हरियाणा) की किसान महिलाओं को दिल्ली बुलाकर अपना घर दिखाया

नई दिल्ली, 16 जुलाई। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का किसान महिलाओं के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह किसान महिलाएं सोनिया गांधी के न्यौते पर सोनिया और प्रियंका से मिलने आई थीं।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का किसान महिलाओं के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह किसान महिलाएं सोनिया गांधी के न्यौते पर सोनिया और प्रियंका से मिलने हरियाणा से यहां पहुंची थीं। गौरतलब है कि राहुल गांधी आठ जुलाई को हरियाणा के सोनीपत स्थित मदीना गांव में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ-साथ खेत में काम कर रही महिलाओं से भी मुलाकात की थी।

तभी इन किसान महिलाओं ने दिल्ली और राहुल गांधी का घर देखने की इच्छा जताई थी। तब कांग्रेस नेता ने संसद से अयोग्य ठहराए जाने का हवाला देते हुए कहा था कि सरकार ने उनका घर छीन लिया है।

जानकारी के मुताबिक इसके बाद सोनिया गांधी ने इन किसान महिलाओं को न सिर्फ दिल्ली बुलाया, बल्कि उनके लिए ट्रांसपोर्ट को भी इंतजाम किया। कांग्रेस कार्यकर्ता रुचिरा त्रिवेदी ने रविवार को इसका वीडियो ट्विटर पर शेयर किया।

इसमें किसान महिलाएं सोनिया गांधी के साथ मिलते हुए, उनके घर में खाना खाते हुए और उनके साथ डांस करती नजर आ रही हैं। इस दौरान महिलाओं ने प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की। वहीं, राहुल गांधी इस मौके पर नजर आ रहे हैं। इससे पहले आज सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि किसान भारत की ताकत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की विभिन्न समस्याओं को सुलझाया जा सकता है, अगर हम किसानों की बात सुनने को तैयार हो जाएं।

राहुल गांधी ने धान के खेत में ट्रैक्टर चलाते हुए, धान रोपते हुए और उसके बाद किसानों के साथ चारपाई पर बैठकर खाना खाते हुए अपना वीडियो शेयर किया था। वीडियो को शेयर करते हुए राहुल गांधी ने ट्विटर पर लिखा था कि हरियाणा के सोनीपत में दो किसानों, संजय मलिक और तसबीर कुमार से मिला।

दोनों बचपन के दोस्त हैं और कई साल से एक साथ खेती कर रहे हैं।

# केदारनाथ मंदिर में मोबाइल ले जाने पर लगा बैन, ड्रैस कोड भी लागू हुआ

केदारनाथ, 16 जुलाई। केदारनाथ मंदिर में अब मोबाइल फोन ले जाने पर बैन लगा दिया गया है। साथ ही मंदिर परिसर में फोटो और वीडियो बनाना भी बैन कर दिया गया है। दरअसल, बीते कुछ दिनों से केदारनाथ मंदिर से कई विवादास्पद वीडियो वायरल हुए थे। ऐसे में वीडियो वायरल होने के बाद हैं। इन बोर्ड में कहा गया है कि मंदिर परिसर में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश न करें, मंदिर के भीतर किसी प्रकार की फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी पूर्णतः वर्जित है और आप सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हैं।

मंदिर और मंदिर परिसर में मर्यादित वस्त्र ही धारण करने को कहा

- **मंदिर में अभद्र कपड़े पहनकर आने पर पाबंदी लगाई गई।**
- **हाल ही में गढ़वाल हिमालय में स्थित केदारनाथ मंदिर में बनाए गए ऐसे कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिन्हें लेकर तीर्थ पुरोहितों से लेकर श्रद्धालुओं और सोशल मीडिया यूजर्स ने भी आपत्ति प्रकट की थी और धार्मिक स्थानों पर ऐसे कृत्यों को गलत ठहराया था।**

केदारनाथ मंदिर में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश करने, फोटो लेने और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मंदिर की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इस संबंध में मंदिर परिसर में जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गया है। जबकि एक अन्य बोर्ड में कहा गया है कि मंदिर प्रांगण में तंबू या शिविर स्थापित करना दंडनीय अपराध है।

हिंदी और अंग्रेजी में लिखे इन बोर्ड में साफ तौर पर कहा गया है कि ऐसा करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अजीत पवार...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ने उनसे इस बारे में सोचने का अनुरोध किया कि पार्टी कैसे एकजुट रहेगी। पटेल ने कहा, उन्होंने शांति से हमारी बात सुनी। हालांकि, उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से अलग हुए अजीत पवार गुट की एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पहली कार्यकारिणी बैठक रविवार को यहां आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पुणे राकांपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक मानकर और महाराष्ट्र पार्टी के प्रवक्ता प्रदीप देशमुख ने संयुक्त रूप से किया था। बैठक में नगरसेवकों और पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अजीत पवार को अपना समर्थन दिया।

## एन.डी.ए....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कहा कि देश में सामाजिक न्याय, सुरक्षा, सुशासन, वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं की रक्षा के लिए भाजपा और एस.बी.एस.पी. मिलकर काम करेगी।

एस.बी.एस.पी. नेता ने ट्वीट किया , दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन में शामिल होने का निर्णय लिया। मैं शाह, मोदी और जे.पी.नड्डा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। राजभर ने पिछले साल उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के सहयोगी के तौर पर भाजपा के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था। इससे पहले वह 2019 तक योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्री रहे।

# कांग्रेस के अनुसार गोपाल केसावत निलंबित, लेकिन पी.सी.सी. सदस्यों में उसका नाम

जयपुर, 16 जुलाई (का.प्र.)। आर.पी.एस.सी. भर्ती मामले में ए.सी.बी. की कार्यवाही में गिरफ्तार हुए कांग्रेस नेता गोपाल केसावत को लेकर है, जिसमें गोपाल केसावत का नाम शामिल है। ए.सी.बी. की ओर से दलालों सहित गिरफ्तार गोपाल केसावत को लेकर प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय प्रभारी

- **2018 से पहले केसावत को बनाया गया था कांग्रेस प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, पुन : गहलोत सरकार आने के बाद बना था राजस्थान घुमंतु प्रजाति बोर्ड का चेयरमैन।**

कांग्रेस ने पल्ला झाड़ते हुए कहा है कि गोपाल केसावत कांग्रेस का सदस्य नहीं है। उसे 2018 में ही पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था, लेकिन कांग्रेस के पी.सी.सी. सदस्यों की सूची सामने आई

रामसिंह कस्वा का कहना है कि, गोपाल केसावत ने 2018 का विधानसभा चुनाव निर्दलीय के तौर पर भीलवाड़ा के शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से लड़ा था और कांग्रेस ने उसे उसी समय निलंबित कर दिया था। उसके बाद अभी तक केसावत को कांग्रेस में किसी ने भी ज्वाइन नहीं करवाया है। इधर जानकारी आई है कि, हाल ही जारी हुई प्रदेश कांग्रेस के सहव्रत सदस्यों की सूची में गोपाल केसावत का नाम शामिल है और बताया यह भी जाता है कि, केसावत को संगठन चुनाव में भी पंजाब में डी.आर.ओ. बनाया गया था।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस घुमंतु अर्ध घुमंतु विमुक्ति जाति प्रकोष्ठ में गोपाल केसावत को अध्यक्ष बनाया गया था और उसके बाद जब 2008 में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तो गोपाल केसावत को पहली बार बनाए गए घुमंतु अर्ध घुमंतु विमुक्ति जाति बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया था और केसावत पद से हटने के बाद भी अपनी गाड़ी पर राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त का बोर्ड लगाकर चलता था।

भले ही कांग्रेस नेता केसावत के निलंबन का दावा करे, लेकिन वह पार्टी के सभी कार्यक्रमों में मौजूद रहता था और तीन दिन पहले ही राहुल गांधी के समर्थन में किए गए मौन सत्याग्रह में वह सूत काटता नजर आ रहा था। ऐसे में कांग्रेस नेताओं की ओर से किए गए दावों पर सवाल उठता है।

## ममता बनर्जी....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित केंद्र के अध्यादेश का विरोध करेगी। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने पार्टी के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा रुख साफ है। हम राज्यपालों के जरिए विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में हस्तक्षेप करने के केंद्र के कदमों का विरोध करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने संसद में दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण से संबंधित अध्यादेश का विरोध करने का फैसला किया है।

## अडानी ग्रुप का पावर प्लांट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

विद्युत परियोजना है जहां उत्पादित विद्युत का शत-प्रतिशत दूसरे देश को आपूर्ति किया जाता है। अडाणी ने ट्वीट कर कहा कि, 1600 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट के पूर्ण लोड का शुभारंभ एवं हैंडओवर पर प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस करता हूं और भारत और बांग्लादेश की समर्पित टीमों को सलाम करता हूं, जिन्होंने कोविड महामारी के बावजूद साढ़े तीन वर्षों के रिकॉर्ड समय में इसे चालू किया है। गत छह अप्रैल को गोड्डा संयंत्र की 800 मेगावाट की पहली इकाई ने अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया। दूसरी इकाई भी 800 मेगावाट क्षमता के सात 26 जून को चालू हुई।

गोड्डा यू.एस.सी.टी.पी.पी. के चालू होने के साथ, अडाणी समूह ने विश्वस्तरीय परियोजना प्रबंधन क्षमताओं का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। कोविड महामारी के दौरान रिकॉर्ड समय मे इस परियोजना का चालू होना इस बात का प्रमाण है कि इन क्षेत्रों में अडाणी समूह की क्षमता वास्तव में विश्वस्तरीय है। गोड्डा यू.एस.सी.टी.पी.पी. का चालू होना अडाणी समूह और बी.पी.डी.बी. के लिए तथा भारत-बंगलादेश दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग और मजबूत आर्थिक संबंधों की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अडाणी पावर बंगलादेश में कम लागत और निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने तथा वहां आर्थिक वृद्धि एवं समृद्धि का भागीदार बना है। इस सहयोग से वहां के उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और बंगलादेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

# जन्मदिन मनाने भागकर जोधपुर पहुँचा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लाकर दिया और मदद करने की बात करते रहे। इसके बाद एक आरोपी ने कहा कि, हम तुम्हें रेलवे स्टेशन छोड़ देते हैं। रात के वक्त जाओगे तो पुलिस वाले रोकेंगे। प्रेमी जोड़ा तीनों के साथ चलने लगा। रात के करीब 1.30 बज गए थे। तीनों आरोपी दोनों नाबालिग जोड़े को पावटा रेल लाइन के सहारे झाड़ियों में छुपते छुपाते जे.एन.यूत्र. ओल्ड कैंपस की ओर ले गया।

वहां सुनसान देखकर दो लड़कों ने नाबालिग लड़के को बंधक बना लिया और मुंह बंद कर दिया। नाबालिग लड़के से मारपीट की गई। इसके बाद रात 2 बजे से सुबह 4.45 बजे के करीब तक आरोपियों ने नाबालिग लड़की के साथ वहीं दरिंदगी की।


सुबह 5 बजे ग्राउंड पर मॉर्निंग वॉक करने के लिए लोग आने लगे तो तीनों लड़के वहां से भाग गए। नाबालिग लड़के ने खुद को संभाला और मदद मांगता हुआ मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को आपबीती बताई। इसके बाद लोगों ने जे.एन.वी.यू. ओल्ड कैंपस पुलिस चौकी को सूचना दी।

सुबह के 6.30 बजे डी.सी.पी. ईस्ट अमृता दुहन और पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मामला उदयमंदिर थाना इलाके में दर्ज कराया गया। लड़की को प्राथमिक उपचार दिया गया और काउंसिलिंग करवाई गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पूरे इलाके के सी.सी.टी.वी. कैमरों को खंगाला और हार्डकोर पुलिसिंग के आधार पर एक आरोपी की पहचान कर ली। उसकी लोकेशन जोधपुर के रातानाडा के गणेशपुरा में मिली। पुलिस सुबह 9 बजे के करीब उसे दबोचने पहुंची तो तीनों आरोपी वहीं मिल गए। पुलिस को देख तीनों पहाड़ी की तरफ भागे। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी पहाड़ी से गिर गए। 2 आरोपियों के पैर में फैक्चर हो गया। वहीं तीसरे आरोपी के हाथ में चोट लगी। आरोपियों को सुबह 10 बजे हिरासत में लेकर हॉस्पिटल में इलाज करवाया इसके बाद उन्हें बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों में सभी की उम्र 20 से 22 साल के बीच है। आरोपी समंदर सिंह बाड़मेर से है और जे.एन.वी.यू. में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। धर्मपाल सिंह ओसियां जोधपुर का है और जे.एन.वी.यू. में एमए प्रथम वर्ष का छात्र है। तीसरा भट्टम सिंह भी बाड़मेर का है और अजमेर से बीएड कर रहा है।

ये तीनों लड़के छात्रसंघ चुनाव के तहत एक छात्रनेता के समर्थन में प्रचार करने जोधपुर आए हुए थे। रात में ये लड़के राईकाबाग से यहां आए थे।

जोधपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लड़की के पिता का निधन हो चुका है। उसकी सगाई हो चुकी है। लड़के से प्यार करती थी इसलिए घर से प्रेमी के साथ भाग गई। इसको लेकर अजमेर जिले के ब्यावर थाने में परिजनों ने मामला भी दर्ज करवाया था। पुलिस के अनुसार पीड़िता का आज ही मेडिकल और 164 में बयान करवाए जाएंगे। इसके बाद लड़की के भाई भाभी को सौंपा जाएगा। नाबालिग के साथ आए लड़के का कल ही जन्मदिन था।




AKAR FOUR WHEELS : VAISHALI NAGAR : 7506023152, DAUSA : 7506023152. MAHUA : 7506023152, BANDIKUI : 7506023152, LALSOT : 7506023152. AUTOPLEX AV : SITABARI, TONK ROAD : 7506023155, BASSI : 7506023155, DUDU : 7506023155, MALPURA : 7506023155, RENWAL : 7506023155. PRATAP NEXGEN : GOPALPURA, TONK ROAD : 9799649666, KALWAR : 9251997742, JOBNER : 9251997741, TECHWHEELS : JAGATPURA : 7506023175, MANSAROVAR EXT. : 7045288538, SHAHPURA : 7506023175, TONK : 7506023175, PAOTA : 7506023175, NIWAI : 7506023175, SHREE SHYAM MOTORS : SIKAR ROAD : 7506023263, CHOMU: 7506023263, KOTPUTLI : 7506023263. ROSHAN MOTORS : RAJA PARK : 9619087477, AJMER ROAD : 7506023244, BAGRU : 7506023244, CHAKSU : 9619087477.KAMAL PASSENGER VEHICLES (P) LTD. SAWAIMADHOPUR : 7045190667 GANGAPUR : 9619305352, YASH MOTORS : DEOLI : 7506023055, AUTOPRIME TATA : PRATAP NAGAR, JODHPUR : 7506023278, BHAGAT KI KOTHI : 7506023278, BALOTRA : 7506023278, PALI : 7506023278, JALORE : 7506023278, BARMER : 7506023278, CHAMBAL MOTORS : KOTA : 7506023291, JHALAWAR : 7506023291, BARAN : 7506023291, BUNDI : 7506023291, BHAWANI MANDI : 7506023291, KHANPUR : 7506023291, ITAWA : 7506023291, CHAMBAL MOTOCORP LLP : UDAIPUR : 7506023432, DUNGARPUR : 9167049848, BANSWARA : 7506023432, SAGWARA : 7506023432, BRIJWHEEL AUTOMOBILES (P) LTD. : BHARATPUR : 9619304832, HINDAUN : 9619304832, DHOLPUR : 9619304832, KARAULI : 9619304832, DEEG : 9619304832, NAGAR : 9619304832, CLASSIC MOTORS : ALWAR : 7506023041, BHIWADI : 7506023041, BEHROR : 7506023041, RAJGARH : 7506023041, THANAGHAJI : 7506023041, KHAIRTHAL : 7506023041, NEEMRANA : 7506023041 DAKSH AUTOMOTIVES PVT. LTD. : NAGAUR : 7506023356, DIDWANA : 9167049809, KUCHAMAN: 704520735, DUNAC AUTOMOBILES : Nr. DUDI PETROL PUMP, NH-15, BIKANER : 7506023077, Nr. HALDIRAM PYAU, JAIPUR ROAD, BIKANER : 7506023077, NOKHA : 7506023077 , 3 ML HANUMANGARH BYEPASS ROAD, NH 62, SRI GANGANAGAR : 7506023393, HANUMANGARH : 7506023393, ANUPGARH : 7506023393, SURATGARH : 7506023393, NOHAR : 7506023393, KAMAL PASSENGER VEHICLES (P) LTD. : AERODROME CIRCLE, KOTA : 7045156412, RAMGANJ MANDI, GANGAPUR CITY, ANTAH, RAWATBHATA : 7045156412, MARUDHARA MOTORS : JODHPUR : 7506023285, MUDGAL MOTORS : AJMER : 7506023019, KISHANGARH : 7506023019, BEAWAR : 7506023019, BIJAY NAGAR : 7506023019, KEKRI : 7506023019, SHRI CHARBHUJA AUTOMOBILES : MERTA CITY : 7506023295, DEGANA : 7506023295, SHRI KRISHNA FOUR WHEELS : JAIPUR ROAD, SIKAR : 7506023385, JAIPUR ROAD CHURU: 7506023385, NEAR RTO JAIPUR ROAD, JHUNJHUNU: 7506023385, SURAJGARH BYEPASS ROAD, CHIRAWA: 7506023385, NEEM KA THANA : 7506023385, SRI MADHOPUR : 7506023385, SUJANGARH : 7506023385, RAJGARH : 7506023385, RATANGARH : 7506023385, SP AUTOMOTIVE : UDAIPUR : MADRI : 8291328070, SECTOR-11 : 9619145960, ABU ROAD : 8291328070, YASH MOTORS : BHILWARA : 7506023055, CHITTAURGARH : 7506023055, DEOLI : 7506023055, RAJSAMAND : 7506023055, PRATAPGARH : 7506023055

Terms and conditions apply. ^Warranty cover for 3 years/ 1 Lakh km, whichever ends earlier. Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Please consult an authorised Tata Motors dealer for latest information on features/specifications before deciding to place an order. Colours may vary due to printing limitations. Local taxes and octroi extra.*Lower EMI would only be if existing car is traded for new car and is the value given by our channel partner if agreed by the customer is used as a downpayment for new car purchase, thereby reducing the loan amount and hence EMI. *Fair Value is a value as determined by our channel partner through fair assessment of existing car given for evaluation. The price offered is dependent on multiple factors such as condition of existing car, age, mileage, color, market dynamics, statutory taxes etc. #Bookings within 17th July 23 and Retails by 31st July 23. Price protection applicable on all existing variants. Newly launched variants will not be covered.

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908